संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -184 रविवार ,07 मई 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रूपये

# हत्या की साजिश के ऑडियो क्लिप की होगी जांच

## ऑडियो में बीजेपी उम्मीदवार मणिकांत राठौड़ को खड़गे और उनके परिवार के सदस्यों को खत्म करने की बात कहते सुनी जायेगी



**हुबली,06 मई 2023 (ए)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके परिवार के सदस्यों की हत्या की कथित साजिश की ऑडियो क्लिप की जांच की जाएगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि ऑडियो की जांच की जाएगी। मामला दर्ज किया जाएगा और जांच शुरू की जाएगी।

ऑडियो शुक्रवार को सार्वजनिक डोमेन में आया। कांग्रेस ने दावा किया कि इस ऑडियो में चित्तपुर से बीजेपी उम्मीदवार मणिकांत राठौड़ को खड़गे और उनके परिवार के सदस्यों को खत्म करने की बात करते हुए सुना जा सकता है।

सीएम ने भाजपा महासचिव बी.एल. संतोष के हवाले से उन खबरों को भी फर्जी करार दिया, जिसमें कहा गया था कि भाजपा के लिए लिंगायत वोटों की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शिकायत दर्ज करायी गयी है। एक सवाल के जवाब में बोम्मई ने कहा कि उन्हें केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार द्वारा अपनी इच्छानुसार कुछ भी जप करने पर कोई आपत्ति नहीं थी। भाजपा द्वारा कांग्रेस के लिए प्रचार करने वाले प्रसिद्ध कन्नड़ अभिनेता शिवराज कुमार को ट्रोल किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में अभिनेता चुनाव में किसी भी पार्टी के लिए प्रचार कर सकते हैं।

एक्टर शिवराज कुमार पर मैसूरु-कोडगु के सांसद प्रताप सिम्हा की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर बोम्मई ने कहा कि उन्हें इससे कोई आपत्ति नहीं है।

प्रचार के लिए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के आने के बारे में पूछे जाने पर बोम्मई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के लिए हावेरी आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी लहर पहले से ज्यादा तेज है।

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव विवादित बयानों के बाद अब हत्या तक पहुंची बात

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में विवादित बयानों के बाद अब नेताओं के व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने दावा किया है कि भाजपा नेता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ और उनके परिवार की हत्या की साजिश रच रही है।सुरजेवाला ने शनिवार को बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और एक ऑडियो क्लिप सुनाई।



उन्होंने दावा किया कि इसमें सुनाई गई आवाज कर्नाटक की चित्तपुर सीट से भाजपा के उम्मीदवार मणिकांत राठौड़ की है। क्लिप में खडगे़ और उनके परिवार को खत्म करने की बात कही जा रही है। सुरजेवाला बोले- मणिकांत राठौड़ पीएम मोदी और सीएम बोम्मई का चहेता भी है।



## कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान राउडी-शीटर की गोली मारकर हत्या

**विजयपुरा,06 मई 2023(ए)।** जिले में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान शनिवार को एक राउडी-शीटर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान हैदर अली नदाफ के रूप में हुई है।शहर में कांग्रेस के लिए प्रचार कर रहे नदाफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई।पुलिस के मुताबिक, जब वह चुनाव प्रचार कर रहा था तब हत्यारे एक कार में आए थे और गोली मारकर मौके से फरार हो गए। नदाफ की पत्नी निशात विजयपुरा नगर निगम की सदस्य हैं। वे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव जीती थीं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। आगे के ब्योरे की प्रतीक्षा है।




## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को वीएचपी से कानूनी नोटिस जारी

**बंगलौर,06 मई 2023 (ए)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के मतदान के दिन नजदीक आते ही राजनीतिक दलों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी बिसात बिछाने में लगे हैं। इसी कड़ी में आरोप-प्रत्यारोप और चुनाव प्रचार का दौर जारी हो गया। इसी बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को विश्व हिंदू परिषद की ओर से कानूनी नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस उनके अगर वे राज्य में सत्ता में आते हैं तो वे बजरंग दल पर प्रतिबंध लगा देने के बयान को लेकर जारी किया गया है। बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के चल रहे विवाद के बीच, विश्व हिंदू परिषद ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा कि कांग्रेस द्वारा बजरंग दल की मानहानि के लिए एक कानूनी नोटिस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जारी किया गया है। विहिप ने यह भी कहा कि बजरंग दल को बदनाम करने और विश्व स्तर पर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए 100 करोड़ रुपए के नुकसान के दावे के साथ कानूनी नोटिस दिया गया है।

# बीजेपी डकैती डालकर सत्ता हथियाने में माहिर

### » कर्नाटक में अपनी पहली रैली में जमकर बरसीं सोनिया गांधी

**बंगलौर,06 मई 2023(ए)।** कर्नाटक में होने जा रहे विधानसभा चुनाव का प्रचार अंतिम दौर में चल रहा है। ऐसे में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के बाद अब सोनिया गांधी ने शनिवार को हुबली में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी भी अपनी मां सोनिया के साथ मौजूद रहे।

4 साल बाद कर्नाटक चुनाव के मैदान में पहली जनसभा को संबोधित करने मंच पर आई सोनिया गांधी ने बीजेपी और राज्य-केंद्र की सरकार पर जमकर हमला बोला। हुबली के चुनावी रैली में लोगों की भीड़ देखते हुए सोनिया गांधी ने सबसे पहले मंच से जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि इतनी संख्या में आए लोग कर्नाटक के बेहतरी की गारंटी है।



### दिलाया जीत का भरोसा

इसी के साथ सोनिया गांधी ने दावा करते हुए कर्नाटक में कांग्रेस की जीत का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस राज्य के दिन बदलने जा रहे हैं। सोनिया गांधी ने नंदिनी दूध का मुद्दा भी उठाते हुए बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला।

सोनिया गांधी ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए डकैती डालकर सत्ता हथियाने में माहिर पार्टी बताया है। सोनिया ने कहा कि कर्नाटक के लोग किसी के आशीर्वाद पर नहीं, अपनी मेहनत पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार के ÷अंधेरे शासन÷ के खिलाफ हमारी आवाज को मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है।

### बीजेपी ने बनाया नफरत का माहौल

सोनिया गांधी ने अपने बयान में कहा कि नफरत फैलाना जिनका काम है, उन्हीं के खिलाफ भारत जोड़ो यात्रा हुई थी। भाजपा सरकार की लूट, झूठ, अहंकार और नफरत ने जिस तरह का माहौल बना दिया है, उससे मुक्ति पाए बिना ना तो कर्नाटक तरक्की कर सकता है और ना ही देश की प्रगति हो सकती है।

इससे पहले राहुल गांधी ने कर्नाटक में दो रैलियों को संबोधित किया। राहुल ने बेलगावी और चिकोडी में जनसभा को संबोधित किया। जहां उन्होंने भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया।

## विपक्ष को एकजुट करने पर कर रहे हैं काम

**नई दिल्ली,06 मई 2023(ए)।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी से मुक्त होने के लिए मैंने सोच-समझकर खुद को तैयार किया था। हालांकि, मुझे नहीं पता था कि मेरी पार्टी मेरे इस्तीफे पर इतनी कड़ी प्रतिक्रिया देगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय पद से इस्तीफा देन के बाद कई राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने भी मुझसे अपना फैसला वापस लेने का अनुरोध किया। एनसीपी प्रमुख ने आगे कहा कि हम विपक्ष को एकजुट करने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता था कि मेरी पार्टी मेरे इस्तीफे पर इतनी कड़ी प्रतिक्रिया देगी। कई राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने भी मुझसे अपना फैसला वापस लेने का कहा था। एक साल के भीतर आम चुनाव होने हैं।



# एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर के संचालन पर रोक

### जम्मू-कश्मीर में क्रैश होने के बाद सेना ने लिया फैसला

**नई दिल्ली,06 मई 2023 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में हुए भारतीय सेना का एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर क्रैश मामले में एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, रक्षा बल ने एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर के संचालन को रोक दिया है। गौरतलब है, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टरों से जुड़ी दो दुर्घटनाओं के बाद से यह हेलिकॉप्टर मैदान में ही खड़े हैं। इन हेलिकॉप्टरों को उड़ान भरे करीब एक महीने से अधिक का समय हो गया है।



जम्मू संभाग के किश्तवाड़ के दूर-दराज इलाके में सेना का ध्रुव हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हुआ था। इसमें तीन लोग सवार थे। तीनों जख्मी हुए। उन्हें इलाज के लिए उधमपुर के सैन्य अस्पताल ले जाया गया था।

मामले को लेकर सेना की तरफ से आए बयान में कहा गया था कि गुरुवार को करीब सवा ग्यारह बजे ऑपरेशनल मिशन पर रवाना हुए ध्रुव हेलीकॉप्टर ने किश्तवाड़ की मरुआ नदी के तट पर लैंडिंग के दौरान हादसे की चपेट में आया था। जानकारी के मुताबिक, पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को तकनीकी खराबी की सूचना दी थी। इसके तुरंत बाद बचाव अभियान मौके पर रवाना हुआ। सेना की बचाव टीमें घटनास्थल पर पहुंच गईं। विमान में दो पायलट और एक टेक्नीशियन सवार थे। तीनों घायल कर्मियों को उधमपुर के सैन्य अस्पताल ले जाया गया है। मामले में कोर्ट ऑफ इंच ायरी के आदेश दे दिए गए हैं

# शहीद जवानों के हत्यारे आतंकवादियों को तलाशा जाएगा

**जम्मू,06 मई 2023 (ए)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में तैनात सैनिकों से बातचीत की और स्पष्ट संदेश दिया कि सैनिकों की हत्या में शामिल आतंकवादियों का पता लगाया जाएगा।

राजनाथ सिंह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख मनोज पांडे के साथ राजौरी में सेना के डिवीजन मुख्यालय पहुंचे।

जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) उत्तरी कमान, लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और फील्ड कमांडरों ने रक्षा मंत्री को कंडी जंगल और राजौरी और पुंछ जिलों के अन्य क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे अभियान के बारे में जानकारी दी।



सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान स्पष्ट संदेश दिया कि सैनिकों को मारने वाले आतंकवादियों को हर कीमत पर खोजा जाएगा। सिंह ने अपनी यात्रा के दौरान कथित तौर पर कहा, जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

राजौरी से वापस जम्मू के लिए उड़ान भरने के बाद, रक्षा मंत्री दोपहर में नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। शुक्रवार को कंडी वन क्षेत्र में आतंकवादियों के हमले में एलीट पैरा कमांडो समेत पांच जवान शहीद हो गए थे। आतंकियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन में सेना ने एक आतंकी को मार गिराया जबकि एक अन्य के घायल होने की खबर है।

# चिराग ने नीतीश को दी चुनौती,हिम्मत है तो बजरंग दल पर बैन लगाकर देख लें




**पटना,06 मई 2023 (ए)।** लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो बैन लगाकर देख लें। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए चिराग से जब जदयू सांसद की बजरंग दल पर बैन लगाने की मांग के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जदयू सांसद मांग क्या कर रहे हैं, राज्य में उनकी सरकार है अगर ताकत है तो बैन करके दिखाएं।

उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए उसके नाम को इस्तेमाल करने के लिए इस तरह का बयानबाजी करना बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि क्या विपक्ष के पास मोदी सरकार से चुनाव जीतने के लिए और दूसरा विकल्प नहीं रहा जो इस तरह का बयान दिया जा रहा है। जमुई के सांसद ने कहा कि जदयू बताए की किस घटना के आधार पर बजरंग दल को बैन करने की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि महज एक राजनीतिक लाभ लेने के लिए विपक्ष कर्नाटक में विरोध कर रहा है, तो बाकी के भी विरोधी दल बहती गंगा में हाथ धोना चाहते हैं। इसके आलावा इनके पास कोई ठोस वजह नहीं है। नीतीश के विरोधी दल को एकजुट करने के संबंध में चिराग ने कहा कि बिहार को तो एक कर ही नहीं पाए विपक्ष को क्या एक करेंगे।

उन्होंने कहा वे बिहार के लोगों को कभी दलित महादलित, पिछड़े अति पिछड़े, हिंदू मुस्लिम यहां तक कि महिला पुरुष में बांटते रहे और अब एकजुट करने की बात करते हैं।

## एयर इंडिया के विमान में बिच्छू ने महिला को काटा



**नई दिल्ली,06 मई 2023 (ए)।** नागपुर से मुंबई जा रहे एयर इंडिया के विमान में सवार महिला यात्री को बिच्छू ने काट लिया। घटना से हड़कंप मच गया। विमान से मुंबई एयरपोर्ट पर संदेश भेजा गया कि डॉक्टर के साथ तैयार रहिए। प्लेन के एयरपोर्ट पहुंचने के बाद तुरंत महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत ठीक बताई जा रही है। एयर इंडिया के अनुसार, एआई 630 फ्लाइट में एक यात्री को बिच्छू ने काट लिया था। प्लेन के एयरपोर्ट पर लैंड होते ही महिला यात्री को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हमारे अधिकारी महिला के साथ अस्पताल गए और डिस्चार्ज होने तक यात्री को हर संभव की मदद दी।

## अपनी सजा खुद तय करके सनसनी पैदा करना चाहते हैं केजरीवालः विज

**चंडीगढ़,06 मई 2023 (ए)।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के उस बयान पर चुटकी लेते हुए पलटवार किया जिसमें केजरीवाल ने कहा था कि जिस दिन आपको एक पैसे के भ्रष्टाचार में मेरी संलिप्तता का पता चल जाए, उस दिन मुझे फांसी पर लटका दें। विज ने कहा कि सजा का काम कोर्ट का होता है। आप अपनी खुद की सजा तय करके देश में सनसनी पैदा करना चाहते हैं। जांच को प्रभावित करना चाहते हैं। आपकी सारी सच्चाई सामने आ रही है।उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से सीबीआई ने पूछताछ की थी। क्योंकि उन पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इसी को लेकर केजरीवाल ने बयान दिया कि अगर एक पैसे के भी भ्र्ष्टाचार में मेरी संलिप्तता का पता चले तो उसी दिन मुझे फांसी पर लटका देना। इस पर विज ने जांच हो रही है। जांच होने दो, थोड़ा सब्र करो। आपकी सारी सच्चाई सामने आ रही है। आप अपने आपको टूटी चप्पल वाला मुख्यमंत्री कहते थे। लेकिन, लोग देखना चाह रहे हैं कि कितने करोड़ रुपए की आपकी कोठी है। विज ने कहा कि अब आपकी पार्टी झूठी पार्टी के नाम से देश में प्रचलित हो गई है।



# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मिला डॉ. अंबेडकर पुरस्कार

### पूर्व राष्ट्रपति बोले- यूपी को भयमुक्त बनाने का किया काम

**मुंबई ,06 मई 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतरत्न डॉ अंबेडकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुंबई के श्री षणमुखानंद ऑडिटोरियम में उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री की ओर से विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने लखनऊ से आकर पुरस्कार ग्रहण किया। बुद्धांजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कोविंद ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में गुंडाराज खत्म करके प्रदेश को भयमुक्त बनाने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ उनके मित्र हैं और उत्तर प्रदेश में गुंडे, माफिया आज उनके नाम से थर-थर कांपते हैं।



डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि योगी ने उत्तर प्रदेश के सरकारी महकमों में डॉ. अंबेडकर की फोटो लगाने का आदेश देकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। लखनऊ में डॉ. अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बना कर योगी आदित्यनाथ ने माई साहब डॉ. सविता अंबेडकर के सपनों को पूरा किया है। योगी आदित्यनाथ आज दलितों-वंचितों के मसीहा बन चुके हैं।

बुद्धांजलि फाउंडेशन के अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजक कैलाश मासूम ने कहा कि योगी आदित्यनाथ को भारत रत्न डॉ. अंबेडकर पुरस्कार देकर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और वंचितों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है, सबको साथ लेकर चल रही है।

इस अवसर पर फिल्म अभिनेता प्रेम चोपड़ा, उदित नारायण और राजपाल यादव सहित देश के अन्य क्षेत्रों से आयी प्रतिभाओं को भी 13वें भारतरत्न डॉ. अंबेडकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## संपादकीय

### खाई बहुत चौड़ी है

राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री को बताया कि सीमा पर की घटनाओं ने द्विपक्षीय समझौतों को कमजोर कर दिया है। जब तक सीमा पर शांति कायम नहीं होती, संबंध सामान्य नहीं हो सकते। मगर चीन के बयान में संकेत दिया गया कि सब कुछ ठीक-ठाक है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू के साथ नई दिल्ली में हुई वार्ता का सार यही है कि आपसी रिश्ते को लेकर दोनों देशों की समझ में भारी अंतर बना हुआ है। ली शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने दिल्ली आए, तो दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों को आमने-सामने बैठ कर आपसी रिश्ते की समीक्षा करने का मौका मिला। बैठक के तुरंत बाद भारत की ओर से एक बयान जारी किया। चीन ने 24 घंटे बाद यानी अगले दिन अपना बयान जारी किया। साझा बयान जारी न होना अपने-आप में असहमति का संकेत होता है। बहरहाल, भारत के बयान में लहजा सख्त रहा। इसके मुताबिक चीनी रक्षा मंत्री को बताया गया कि सीमा पर की घटनाओं ने द्विपक्षीय समझौतों का आधार कमजोर कर दिया है। जब तक सीमा पर शांति कायम नहीं होती, द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते। मगर चीन के बयान में यह संकेत दिया गया कि सब कुछ ठीक-ठाक है।

इसमें भारत को नसीहत दी गई कि वह सीमा पर के विवाद को सही संदर्भ में रखे और इस बीच आपसी रिश्तों को मजबूत करना जारी रखे। कहा जा सकता है कि चीनी पक्ष के इस तरह भारतीय रुख से अप्रभावित रहने का मौका भारत सरकार ने ही दिया है। जून 2020 में प्रधानमंत्री ने एलान कर दिया था कि चीन की तरफ से कोई घुसपैठ नहीं हुई। फिर 2021 के आरंभ में केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह कह दिया कि चीन ने जितनी बार घुसपैठ की है, उससे ज्यादा ऐसा भारत ने किया है। सितंबर 2021 में मास्को में चीनी विदेश मंत्री के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात हुई, जिसमें जयशंकर उस दस्तावेज पर दस्तखत करने को राजी हो गए, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा की जगह सीमा शब्द का इस्तेमाल किया गया था। जानकारों के मुताबिक इसे चीन ने सीमा विवाद पर 1959 के उसके प्रस्ताव पर भारत की मुहर मान लिया है। भारत सरकार को पहले इन मुद्दों पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। वरना, दोनों देशों के बीच समझ की खाई चौड़ी होती जाएगी।

## सबके मन की बात



पीएम नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की सौवीं कड़ी पूरी हो गई है। इस अवसर पर देश और विदेश में जिस तरह का उत्साह देखा गया, उससे पता लगता है कि प्रधानमंत्री द्वारा सामान्य व्यक्ति के रोजमर्रा के जीवन को मन की बात में अपनी वार्ता का विषय बनाना निस्संदेह सराहनीय और अभिनव प्रयोग रहा है। प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम में गैर-राजनीतिक मुद्दे उठाए जाते हैं जो सीधे- सीधे आम आदमी के सामाजिक जीवन से जुड़े होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मन की वात को सबके मन की बात भी कहा जा सकता है। उन्होंने कहा भी कि मन की वात कोटि-कोटि भारतीयों के मन की बात है। उनकी भावनाओं का प्रकटीकरण है। प्रधानमंत्री मोदी का विश्वास है कि मन की बात आज एक कार्यक्रम नहीं, वल्कि आस्था, पूजा और व्रत है, आध्यात्मिक यात्रा है । स्व से समिष्टि और अहम से वयम की यात्रा है। इसका अर्थ है कि मन की वात व्यक्ति से शुरू होकर सार्वभौमिक हो जाना और अहंकार से मुक्त होकर पूर्णता को प्राप्त करना है। मन की बात की सौवीं कड़ी संयुक्त राष्ट से लेकर अमेरिका, इंग्लैंड, यूक्रेन और न्यूजीलैंड तक देखी और सुनी गई। केंद्र और कई राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा ने सौवीं कड़ी को विराट आयोजन में वदल दिया। पार्टी ने दावा किया है कि करीव चार लाख स्थलों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में वेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव, खादी को लोकप्रिय बनाने और प्रकृति से जुड़े अपने कार्यक्रमों का जिक्र किया। दसवीं और वारहवीं के वोर्ड की परीक्षाओं में छात्रों को होने वाले मानसिक तनाव जैसे मुद्दे भी इस कार्यक्रम में उठाए जाते हैं और तनाव से मुक्त होने के उपाय भी सुझाए जाते हैं। ये सभी वास्तविक मुद्दे हैं, और इनको सभी व्यक्तियों द्वारा राजनीति से परे देखा जाना चाहिए। भले ही विरोधी राजनीतिक दल इस कार्यक्रम की आलोचना करें, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सामान्य जन के मुद्दों को अपने संवाद के केंद्र में लाना सराहनीय पहल है। वास्तविकता तो यह है कि गैर-राजनीतिक मुद्दों को महत्त्व देना भी एक महत्त्वपूर्ण वात है। अहम बात यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कभी इस मंच का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं किया। गौर करने वाली वात है कि जव प्रधानमंत्री की सामान्य व्यक्ति से बात होती है, और प्रधानमंत्री द्वारा सामान्य व्यक्ति की उपलब्धियों की चर्चा की जाती है, तो यह समूचा प्रसंग प्रेरक वन जाता है।


**अजय दीक्षित**

# जनगण के महाकवि थे गुरु रविंद्र नाथ टैगोर

महाकवि रवींद्रनाथ टैगोर को जनगण का कवि कहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। गुरुदेव टैगोर दुनिया के एकमात्र ऐसे कवि हैं जिनके लिखे दो गीत दो देशों के राष्ट्गान बने हैं। उनका लिखा गीत जन गण मन भारत का राष्ट्रीय गान बना है। वही उनका लिखा एक दूसरा गीत आमार सोनार बांग्ला बांग्लादेश का राष्ट्रीय गान है। दुनिया में गुरुदेव जैसे विरले ही लोग होते हैं जिन्हें इतना बड़ा सम्मान मिला है। जिनके लिखे गीत दो देशों के राष्ट्गान बनकर अमर हो गए। भारत और बांग्लादेश में जब भी कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम होता है तो गुरुदेव टैगोर द्वारा लिखित गीत राष्ट्रीय धुन के रूप में गाए जाते हैं। गुरुदेव के लिखे इन गीतों के माध्यम से उन्हें हर समारोह में याद किया जाता है। ऐसा कोई भी भारतीय नहीं होगा जो रविंद्रनाथ टैगोर को नहीं जानता होगा। राष्ट्रीय कवि रविंद्रनाथ टैगोर ऐसी शख्सियत थे जिन्होने कई कविताएं, उपन्यास, कहानी लिख कर साहित्य के विभिन्न विद्याओं में अपनी उत्कृष्ट योगदान देकर संसार भर में ख्याति प्राप्त की। रविंद्रनाथ टैगोर ने अपनी रचना से ना केवल हिंदी साहित्य के विकास में योगदान दिया। बल्कि अनेकों कवियों और साहित्यकार को भी प्रोत्साहित किया है। वह एक ऐसे प्रकाश स्तंभ थे जिन्होंने पूरे संसार को अपनी रचनाओं के माध्यम से आलोकित किया।

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबल पुरस्कार विजेता हैं। उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा वे ही थे। वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार सम्मानित व्यक्ति हैं। रवींद्रनाथ टैगोर एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार, और दार्शनिक थे। गुरूदेव रविंद्रनाथ जी की रचनाओं की यही विशेषता थी कि वह अपनी रचनाओं में मानवीय दुखों और निर्बलता को बहुत ही कलात्मक ढंग से लिखते थे। अपनी सभी रचनाओं को मन और आत्मा से लिखते थे। यही कारण है कि उनकी ज्यादातर रचनाएं विश्व प्रसिद्ध हो गई।

वे अपने माता-पिता की तेरहवीं संतान थे। उनका जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ था। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। रवींद्रनाथ टैगोर जी अपनी शुरुआत की पढ़ाई कोलकाता में प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल की। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया। फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया। किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश पुनः लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर की माता का निधन उनके बचपन में हो गया था और उनके पिता व्यापक रूप से यात्रा करने वाले व्यक्ति थे। अतः उनका लालन-पालन अधिकांशतः नौकरों द्वारा ही किया गया था। टैगोर के भाई सतेंद्र टैगोर सिविल परीक्षा पास करके एक अच्छी नौकरी करते थे और दूसरे भाई ज्योतिरेंद्रनाथ संगीतकार और नाटक के कवि थे। हिंदी साहित्य में टैगोर का योगदान बहुत ही बड़ा और अविस्मरणीय है। मात्र 13 साल की उम्र में ही रविंद्र नाथ टैगोर जी की पहली कविता अभिलाषा एक तत्व भूमि नाम की पत्रिका में छपी थी। इंग्लैंड से वापस आने के बाद इन्होंने बंगाली भाषा में लिखना शुरू कर दिया था। 1877 तक उन्होंने अनेकों रचनाएं की और कई रचनाएं अनेकों पत्रिकाओं में छपी। 1842 में रविंद्र नाथ टैगोर जी ने हिंदू मुस्लिम - एकता और घरेलू उद्योगों के विषय पर एक गंभीर लेख लिखा। 1860 में इन्होंने पहला उपन्यास गोरा लिखा। रविंद्र नाथ जी एक अच्छे लेखक के साथ-साथ एक अच्छे दर्शन शास्त्री भी थे। जिसके माध्यम से इन्होंने कई रचनाओं का निर्माण किया और स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय लोगों को प्रभावित किया।



बांग्लादेश का राष्ट्गान 'आमार सोनार बांग्ला' भी रविंद्र नाथ टैगोर के द्वारा ही लिखा गया है। अपनी असरदार लेखन से पूरब और पश्चिम के बीच की भी दूरी को कम कर दिया। रविंद्र नाथ टैगोर ज्यादातर बंगाली लोगों के जीवन पर आधारित रचनाएं लिखते थे। इन्होंने अपने कई रचनाओं में समाज के तत्कालीन कुरीतियों, गरीबी और विभिन्न अवस्थाओं का भी चित्रण किये हैं। इनकी रचना गलपगुच्छा में भारत के गरीबी, निरक्षरता और पिछड़ापन पर आधारित अनेकों कहानियों का संग्रह है।

उनकी एक रचना पूरवी में इन्होंने संस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक, नैतिक और सामाजिक जैसे बहुत सारे विषयों के तहत संध्या और सुबह के गीतों को दर्शाया है। इन्होंने ना केवल अपनी लेखन के जरिए समाज की कुरीतियों को मिटाने की कोशिश की बल्कि स्वयं भी योगदान दिया। अपनी प्रथम पत्नी के देहांत के बाद इन्होंने मृणालिनी देवी नाम की एक विधवा औरत से विवाह किया और समाज में विधवा औरतों की खराब स्थिति को दूर करके विधवा विवाह को प्रोत्साहित करने की कोशिश की।

इसके अतिरिक्त इन्होंने कल्पना, सोनार तारी, गीतांजलि, आमार सोनार बांग्ला, घेर-बेर, रबीन्द्र संगीत, चित्रांगदा, मालिनी, गोरा, राजा और रानी जैसे ना जाने कितने ही उपन्यास, कविता और लघु कथाओं की रचना की। 1913 में इनकी रचना गीतांजलि के लिए इन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। रविंद्र नाथ टैगोर बड़े साहित्यकार होने के साथ ही एक महान शिक्षा शास्त्री भी थे। इन्हें शिक्षा का सही अर्थ मालूम था। इनके अनुसार सर्वोत्तम शिक्षा वही है, जो संपूर्ण दुनिया के साथ-साथ हमारे जीवन का भी सामंजस्य स्थापित करती है। इनके अनुसार शिक्षा मनुष्य की शारीरिक, आर्थिक, बौद्धिक, व्यवसाय और आध्यात्मिक विकास का आधार है।

रविंद्र नाथ टैगोर मानते थे कि बच्चों को बंद कमरे में शिक्षा देने से ज्यादा अच्छा है। उन्हें खुले वातावरण में प्रकृति के बीच में बिठाकर शिक्षा दें। उनका मानना था कि प्रकृति के शांति भरे वातावरण में बच्चे प्रकृति का अवलोकन कर सकते हैं और उसका एक हिस्सा बन सकते हैं। ऐसे माहौल में आसानी से सब कुछ समझ में आता है। मिट्टी पर खड़े पेड़ पौधे, बदलते मौसम, पंछियों का चहचहाना, विभिन्न जीव जंतुओं से भरे प्राकृतिक परिवेश बच्चों को कला की प्रेरणा देती है। इसीलिए इन्होंने कोलकाता शहर से 180 किलोमीटर दूर 1901 को शांतिनिकेतन की स्थापना की। उन्होंने सिर्फ 5 बच्चों को लेकर ये स्कूल खोला था जो 1921 में राष्ट्रीय विश्वविद्यालय बन गया। आज शांति निकेतन का नाम बदलकर विश्वभारती हो गया हैं। जहां लगभग 6000 छात्र पढ़ते हैं। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अंग्रेजी हुकूमत का विरोध करते हुए ÷सर÷ की उपाधि लोटा दी थी। उन्हें बिट्रिश प्रशासन 1915 में ÷नाइट हुड÷ नाम से ये उपाधि देना चाहते थे। उनके नाम के साथ सर लगाया गया था। टैगोर ने जलियावाला हत्याकांड की बजह से अंग्रेजों के दिए इस सम्मान को लेने से इनकार कर दिया था। इससे पहले भी 16 अक्टूबर 1905 को रवीन्द्रनाथ टैगोर के नेतृत्व में कोलकाता में मनाये गए रक्षाबंधन उत्सव से ÷बंग भंग÷ आंदोलन की शुरुआत हुई थी। उनका देश की आजादी के सघंर्ष में भी बहुत योगदान था।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू राजस्थान

# सत्य और साहस जीवन की नाव के दो पतवार, इनका साथ ना छोड़े

**» संयम के साथ सच का साथ दीजिए**

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहींद्य यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि पहाड़, झरना, नदिया जंगल और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति हैद्य और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है

परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है ।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा हैद्य प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया हैद्य भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा हैद्य व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा हैद्य समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न-भिन्न करता आया है। आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे। आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निर्माता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी,आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है। यह भारतीय परिवेश के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

## शिक्षा नीति में करो बदलाव

शिक्षा नीति में करो अब बदलाव
मैकाले की नीति से पीट गया दाव
रोजगार परक शिक्षा दिलवाना
युवक को बेरोजगारी से है बचाना
डिग्री का जब से चल पड़ी है चलन
शिक्षा की बदल गई है आज फैशन
पढ़ा लिखा युवा माँगता काम सरकारी
युवा वर्ग में बढ़ गई देश में बेरोजगारी
गुरूकूल की शिक्षा नीति को लाओं
गाँव गाँव में गुरूकूल को खुलवाओ
योग्य गुरू की करो देश अब पहचान
तब आयेगा देश की शिक्षा में नई जान
स्कूली शिक्षा हमें कर दी है आज बेकार
इस पर कब फैसला लेगी देशी सरकार
ऐसी शिक्षा का देश में क्या है अब काम
रोजगार ना दे सके वो शिक्षा है नाकाम
युवा वर्ग है अकूत संपति आज हमार
तकनीकी शिक्षा दो इनको सरकार
हर हाथ को मिल जाये तब रोजगार
नहीं रहेगा युवा वर्ग तब बेरोजगार
प्रबुध युवक की यहाँ कमी नहीं है
असली शिक्षा की आज चलन छुपी है
खेती में है अपरंपार मंच रोजगार
खेती का पहल करो आज ओ सरकार
हस्त कला को घर घर पुनः अपनाओ
घर घर हर हाथ को रोजी रोटी दिलाओ
जन जन को जब मिल जायेगा काम
उत्पादक देश मेंआयेगा देश का नाम
नई नई तकनीक से सामान बनवाना
विश्व बाजार में इसे है बेचवाना
फ्रांस जर्मन आगे हिन्दुस्तान को ले जाना
विकसित देश है भारत को आगे बनाना



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला बाँका बिहार

# समाज में महिला सुरक्षा एक बड़ा प्रश्न ?

आज दुनिया भर में 4,000 से अधिक धर्म, विश्वास समूह और सम्प्रदाय मौजूद हैं। शोधकर्ता और शिक्षाविद आम तौर पर दुनिया के धर्मों को पांच प्रमुख समूहों में वर्गीकृत करते हैं÷ जो क्रमशः÷ ईसाई धर्म, इस्लाम, बौद्ध धर्म, हिंदू धर्म और यहूदी धर्म हैं।

इन सभी धर्मों में स्त्री को प्रधान तो माना गया, लेकिन पितृसत्तात्मक समाज के चकाचौंध में उसे घर, रसोई और पर्दे के पीछे रखा गया। कभी स्त्री को सम्मान की धात्री कहा गया, तो कभी किसी पुरुष के अपमान के लिए उसकी स्त्री को तिरस्कृत किया जाता है। सवाल यह है कि आखिर वे खामियां कहां हैं जिन्हें हमें दूर करने की जरूरत है? लिंग-तटस्थ समाज बनाने के लिए किन अंतरालों को भरने की आवश्यकता है जहां महिलाएं बिना किसी हिचकिचाहट के स्वतंत्र रूप से चल सकती हैं, या कोई भी पेशा चुन सकती हैं जो उन्हें उनके लिए उपयुक्त लगता है या कोई भी उन्हें यह कहकर नहीं रोकता है कि वह एक लड़की है और उससे उम्मीद नहीं की जाती है यह काम करने के लिए। समस्या के समाधान के लिए जब हम अतीत या प्राचीन काल में झांकते हैं तो आश्चर्य होता है कि हमने जो देखा वह बिलकुल भिन्न था और आज जो स्थिति है वह भिन्न है। हमारे प्राचीन ग्रंथ हमें सिखाते हैं÷ स्त्रियों को अपना कल्याण चाहने वाले पिता, भाई, पति और देवर द्वारा आदर और श्रंगार करना चाहिए।

हमारे प्राचीन भारतीय ग्रंथ हमें महिलाओं का सम्मान और श्रृंगार करने का सुझाव देते हैं, या एक महिला को उसके पिता द्वारा संरक्षित किया जाना चाहिए जब वह एक बच्चा हो, उसके भाई द्वारा मध्य आयु में और उसके पति द्वारा जब वह विवाहित हो, और अंत में उसके बेटे द्वारा जब वह विवाहित हो वह बूढ़ी है। इसका मतलब है कि उन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए लेकिन आज हम जो देखते हैं वह पूरी तरह से अलग व्याख्या है जहां पूरे समाज ने इस युक्ति को गलत तरीके से लिया कि वे खुद की रक्षा करने में सक्षम नहीं हैं और समाज ने सोचा कि वे अधीनस्थ या आज्ञाकारी हैं। ऐसा लगता है कि अगर वे ग्रंथों की अलग तरह से व्याख्या कर सकते तो आज हमारा समाज बेहतर हो सकता था। जिस घर में स्त्रियों का सम्मान होता है, वहां देवता प्रसन्न रहते हैं। लेकिन जहां उनका सम्मान नहीं होता और अपमान होता है, उस घर में किया गया कोई भी कार्य शुभ फल नहीं देता है। यहां पर भी कथनी और करनी में पृथक व्याख्या देखने को मिलती है।

वहीं वर्तमान दौर में स्त्री को एक नेटिव टारगेट बना दिया गया है कि, महिलाओं को बरगला कर, बहला फुसला कर धर्म-परिवर्तन के लिए तैयार किया जाये। धर्मांतरण की चर्चा न केवल सामाजिक रूप से बल्कि सैद्धांतिक रूप से भी प्रासंगिक है। धर्मांतरण की अवधारणा को परिभाषित करना कठिन पाया गया है। स्वतंत्र इच्छा के एक कार्य के रूप में धर्मांतरण की सामान्य परिभाषा,एक प्रामाणिक अनुभव के रूप में गहन खोज और दैवीय प्रेरणा के बाद एक आंतरिक परिवर्तन के रूप में अंगीकृत किया जा सकता है।, रूपांतरण कई प्रकार के रूपों और अर्थों को ग्रहण करता है, जिसे केवल विशिष्ट संदर्भों और शामिल व्यक्तियों और समूहों के विशिष्ट शक्ति संबंधों में ही समझा जा सकता है। धर्म के प्रति व्यक्ति की स्वतंत्र पसंद एक अवलोकन की तुलना में एक आदर्श, अमूर्त धारणा अधिक है। यह बताया गया है कि किन मामलों में धर्मांतरण की अवधारणा उपयुक्त है और इसका वास्तव में क्या अर्थ है। उन्होंने दिखाया है कि कैसे व्यक्तिगत धर्मांतरण की कई व्यापक प्रवचनों का हिस्सा बनती हैं। धर्मांतरण का विश्लेषण केवल एक व्यक्तिगत आध्यात्मिक परिवर्तन के बजाय एक जटिल सामाजिक घटना के रूप में किया जाता है। व्यक्तिगत अनुभव और व्यक्तिगत धार्मिक वरीयता की अभिव्यक्ति से परे धर्मांतरण का बहुत व्यापक प्रभाव और अर्थ है। लेकिन जबरन धर्मांतरण कहीं ना कहीं अपराध है। इसकी पुष्टि करते आकड़े भी गवाही देते हैं। जैसे कि कुछ धर्मों की आगामी वर्ष 2050 में आबादी लगभग दोगुनी होना या फिर धर्मांतरण के नाम पर चल रहे प्रलोभन, डराना और धमकाने वाली विचारधाराओं का छद्म युद्ध को प्रदर्शित करता है।

दूसरी ओर धर्मांतरण को मुद्दे के रूप में राजनीति या लोकतांत्रिक चुनावों में लाकर वैमनस्यता को बढ़ावा देना भी एक प्रकार से डर का माहौल खड़ा करना भी है। वहीं स्त्री के सम्मान की रक्षा से लेकर विविध प्रपंचों में सबसे बड़ा मुद्दा यह नहीं दिखता है कि रोज किसी न किसी महिला पर चाहे घरेलू, सोशल मिडिया या सामाजिक तौर पर हिंसाएं हो रही है। उनको लगाम लगाना आवश्यक है। जाति,धर्म और वर्ग विशेष के ध्रुवीकरण से सामाजिक समरसता का वास्तव में विखंडन होना लाजमी है।



**पुखराज प्राज**
फिंगेश्वर, गरियाबंद छत्तीसगढ़

# गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस: एक बहुमूल्य रत्न!

गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली। इसके माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकारों, विभिन्न आधिकारिक एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सहकारी समितियों ने किसी एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख ऑनलाइन लेनदेन के जरिए दो लाख करोड़ रुपये (24 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद की। यह समावेशी विकास, पारदर्शिता, दक्षता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वचनबद्धता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है।

जीईएम सही अर्थों में एक रत्न है। इसने पुराने पड़ चुके आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय (डीजीएसएंडडी) का स्थान लिया है। उचित रूप से, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए कार्यालय भवन, वाणिज्य भवन, का निर्माण उस भूमि पर किया गया है जहां कभी डीजीएसएंडडी हुआ करता था। इस भवन के शिलान्यास समारोह में, प्रधानमंत्री मोदी ने सही ही कहा था: अब 100 साल से अधिक पुराने इस संगठन को बंद कर दिया गया है और इसके स्थान पर डिजिटल तकनीक पर आधारित एक नए निकाय - गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस-को लाया गया है। जीईएम ने सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुओं की खरीद के तौर-तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है।

अगस्त 2016 में स्थापित होने के बाद से, जीईएम के कामकाज में असाधारण प्रगति हुई है। इस पोर्टल पर होने वाले लेनदेन का कुल मूल्य 2022-23 में लगभग दोगुना होकर पिछले वित्तीय वर्ष में 1.07 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 में 422 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ इसकी अनूठी यात्रा शुरू हुई थी। इस पोर्टल का शुभारंभ वस्तुओं एवं सेवाओं की सार्वजनिक खरीद को प्रधानमंत्री के 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' के मिशन और सरकारी प्रणालियों को ईमानदार, प्रभावी और सभी के लिए सुलभ बनाने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की उनकी रणनीति के अनुरूप ढालने के उद्देश्य से किया गया था।

जीईएम की प्रतिस्पर्धी बोली जैसी पारदर्शी कार्यप्रणालियों ने सरकारी विभागों एवं उपक्रमों को करदाताओं के लगभग 40,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। इस तरह की पहलों ने मोदी सरकार को राजकोषीय स्थिति से समझौता किए बिना कल्याणकारी कार्यों पर होने वाले व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि करने में मदद की है।

कई अर्थों में, जीईएम लोगों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के पक्ष में जबरदस्त मतदान किए जाने के बाद से शासन-प्रशासन में लाए गए बदलावों का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। लोग पिछली सरकार से तंग आ चुके थे, जो हमेशा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रहती थी। उस सरकार के कई मंत्रियों के लिए तो विभिन्न अखबारों के मुख्य पृष्ठों पर छपने वाली शर्म और लांछन की रोज की खुराक ही उनकी जीवनशैली का एक आधार थी।

इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व वृद्धि से कहीं अधिक है और यह अपने-आप में ई-कॉमर्स की किसी भी बड़ी कंपनी को ईर्ष्या से भर देने के लिए काफी है। इस नई प्रणाली ने सदियों पुरानी उन प्रक्रियाओं की जगह ली है जो अक्षमताओं और भ्रष्टाचार से ग्रस्त थीं। सरकारी खरीद अपारदर्शी, काफी समय लेने वाली, बोझिल और भ्रष्टाचार एवं निर्माताओं की गुटबंदी (कार्टेलाइजेशन) में लिप्त हुआ करती थी। केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोग ही प्रवेश संबंधी विशाल बाधाओं को पार कर पाते थे। खरीदारों के पास विशेषाधिकार प्राप्त और अक्सर बेईमान आपूर्तिकर्ताओं से ऊंची एवं बिना मोल-भाव वाली कीमतों पर घटिया सामान खरीदने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। जबकि संभावित विक्रेताओं को सूचीबद्ध होने और फिर समय पर भुगतान पाने के लिए पूरी तरह से सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी की दया पर निर्भर रहना होता था और दर-दर भटकना पड़ता था।

**पीयूष गोयल**

## बचपन के दिन वापस आएं

बड़ी हुई भारी जिम्मेदारी से
थक गया हूं वह वापिस छूट जाए
बचपन के वह सुहाने
दिन वापस आ जाएं
हम थोड़े में संतुष्ट हो
वह अनुभूति वापस आएं
महल गाड़ी नहीं चाहिए
पुराना घर वापस आएं
बीते हुए बचपन के दिन
कितने सुहाने हसमुख थे
काश कभी ऐसा
करिश्मा भी हो जाए
बचपन के वह सुहाने
फ़रि से दिन लौट आएं
नया ज़माना छोड़
पुराने जमाने में लौट जाएं
समय चक्र विनती है
कुछ पीछे घूम जाएं
मम्मी पापा छोटी बहन
ऊपर से वापस आ जाएं
फ़रि घर में साथ बैठ
हसीं ख़ुशी से देर तक बतियाएं
हे समय का चक्र विनती हैं
कुछ पीछे घूम जाए
मोबाइल कार कंप्यूटर
सभ वापस चले जाएं
मम्मी पापा परियों की मुझे
बस वहीं कहानी सुनाएं
कुएं तालाब पर रोज़ नहाएं
वह दिन वापस आएं
मस्ती करें मम्मी पापा से डॉट खाएं
बचपन में ही सारा जीवन बताएं



**किशन सनमुख़दास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# मां महामाया एयरपोर्ट के स्मूथ रनवे को देखकर मुख्यमंत्री ने जताई खुशी





कहा सरगुजा की एयर कनेक्टिविटी बढ़ने से यहां पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा ?



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,06 मई 2023
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट पहुंचे जहां उन्होंने रनवे, एटीसी टावर, एन्टी हाईजैक रूम, अराइवल और डिपार्चर सेक्शन का निरीक्षण किया और गुणवत्तायुक्त कार्य तय समय पर पूरा होने अधिकारियों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि सरगुजा में मां महामाया एयरपोर्ट को विकसित करने के लिए लंबे समय से चर्चा प्रदेश स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर हो रही थी। निरंतर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव से तथा खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से इस संबंध में चर्चा कर प्रयास किया जाता रहा। साथ ही लगातार दिल्ली में विमानन मंत्रालय से भी संपर्क में रहे। आज यह एयरपोर्ट बड़े विमानों को उतारने के लिए भी तैयार हो गया है। 48 करोड़ रुपये की लागत से बनी अट्ठारह सौ मीटर एयर स्ट्रिप से यह संभव हो गया है। यह पूरा क्षेत्र 364 एकड़ में है और भविष्य में अधिक संख्या में बड़े विमानों के उतारने के लिए एयरपोर्ट के अधिक विकास के लिए भी कार्य योजना बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 दिनों बाद डीजीसीए की टीम यहां निरीक्षण के लिए आने वाली है। इसके तुरंत बाद हम लाइसेंस के लिए आवेदन किया जाएगा। लाइसेंस के आवेदन लगाने के बाद सामान्यतः 25 दिनों में लाइसेंस जारी हो जाता है। अंबिकापुर से दिल्ली बनारस और रायपुर की फ्लाइट शुरू करने का सुझाव विमानन मंत्रालय को देंगे। सुझाव के स्वीकृत हो जाने से इस क्षेत्र में पर्यटन के विकास की बड़ी संभावनाएं बनेंगी। 3 दिन बनारस की फ्लाइट और 3 दिन दिल्ली की फ्लाइट आरंभ होने से सरगुजा की सुंदरता विमानन रूट के माध्यम से भी उपलब्ध हो जाएगी और लोग सहजता से सरगुजा पहुंच पाएंगे। सरगुजा की खूबसूरती विलक्षण है और अब विमानन सुविधा उपलब्ध होने से पूरे देश के पर्यटक यहां के जंगल और पहाडियां की प्राकृतिक सुंदरता निहार सकेंगे। वे मैनपाट देख सकेंगे और सरगुजा में रामगढ़ की पहाडियां देख सकेंगे। इसके साथ ही तातापानी के गर्म जल के स्रोत भी देख सकेंगे। इस तरह से सरगुजा पर्यटन नक्शे में तेजी से प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं सामरी विधायक चिंतामणि महाराज, सीजीएमएससी अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर कुन्दन कुमार, एसपी श्रीमती भावना गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन ने एयरपोर्ट के शुरुआत से लेकर अब तक के कार्यों की जानकारी दी एवं एसपी भावना ने एयरपोर्ट सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी।

## 1974 में पहली बार पूर्व पीएम इंदिरा गांधी उतरी थीं यहां

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दरिमा एयरपोर्ट बारे में बताया कि एयरपोर्ट 1950 के बाद का है। सबसे पहले 1974 में पहली बार इंदिरा गांधी ने यहां लैंडिंग की थी। उस समय यह हवाई पट्टी थी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में ट्रेन की हालत जहां खराब है, वहीं अंबिकापुर को एयरपोर्ट से जोडना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट काफी सुविधाजनक है। आवश्यकता पडने पर इसकी लंबाई और बढ़ाई जा सकती है। इसके लिए मैंने अधिकारियों से चर्चा कर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एयरपोर्ट काफी सुविधाजनक है। 364 एकड़ क्षेत्रफल में बने इस एयरपोर्ट पर 72 सीट विमान के साथ-साथ कई अन्य विमान भी उतर पाएंगे, इससे पर्यटक के क्षेत्र में काफी लाभ मिलेगा। सरगुजा संभाग पूरे देश में सबसे खूबसूरत स्थल के रूप में जाना जाता है। एयरपोर्ट की सुविधा हो जाने से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा, साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगी।

## खडग़े की हत्या के बयान पर मौन क्यों है पीएम मोदी

सीएम से पत्रकारों ने सवाल किया कि भाजपा यह आरोप लगा रही है कि एयरपोर्ट की योजना केंद्र सरकार की है जिसमें कांग्रेस अपना श्रेय ले रही है। इसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि 48 करोड़ रुपए तो हमने दिया है। इसकी एक्सटेंशन के लिए पैसा हम लगा रहे हैं और आगे काम होना है। इस एयरपोर्ट में जितने भी विकास कार्य हो रहे हैं, वह राज्य सरकार के पैसों से हुए हैं। केंद्र सरकार का इसमें कुछ नहीं लगा है। वहीं कर्नाटक चुनाव में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को आतंकवादियों का सपोर्ट करने का दावा करने के सवाल पर सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह बताना चाहिए कि मजदूर से कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बने मलिकार्जुन खडग़े को भाजपा के प्रत्याशी ने हत्या करने की धमकी दी है। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के नेता और देश के प्रधानमंत्री चुप क्यों है, कर्नाटक में चुनाव में भाजपा प्रत्याशी का कन्नड़ में आवाज रिकॉर्डेड है। इसमें वे राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूरे परिवार को धमकी दे रहे हैं। इसका मतलब यह है कि भारतीय जनता पार्टी हार रही है और हताशा में हत्या करने तक में उतर आई है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि एक दशक से लंबित बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होती दिखाई दे रही है। मां महामाया एयरपोर्ट का लाइसेंस मिलते ही एटीआर विमान के साथ 72 सीटर विमान यहां उतर सकेगा। ऐसे में अंचल के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। काफी कम समय के अंदर डीजीसीए के मानक के अनुसार रनवे तैयार किया गया है। यह एयरपोर्ट छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे खूबसूरत व सुविधा वाला एयरपोर्ट है। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि सीएम ने मां महामाया एयरपोर्ट के रूप में अंबिकापुर को नई पहचान देने का काम किया है। सरगुजा अंचल के लोग वर्षों से इसकी बाट जोह रहे थे। सीएम भूपेश बघेल द्वारा दिल खोलकर दी गई राशि से सुविधाजनक एयरपोर्ट का निर्माण हुआ है जो स्वागत योग्य है।

# एयरपोर्ट पर रोके गए कांग्रेस के बड़े नेता,हुई गाली-गलौज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 मई 2023
(घटती-घटना)।



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अन्य मंत्रियों के साथ जेट प्लेन से मां महामाया एयरपोर्ट का निरीक्षण करने पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विशेष कार्यक्रम की तैयारी की गई थी। मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व कार्यक्रम में शामिल होने विधायक, कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त मंत्री, कांग्रेस पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस बल भी तैनात किए गए थे। कार्यक्रम के मुख्य प्रवेश द्वारा के पास पुलिस अधिकारी तैनात थे। कार्यक्रम में शामिल होने स्वास्थ्य मंत्री के करीबी श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता अपने अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ पहुंचे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने इन्हें एयरपोर्ट में प्रवेश करने से रोक दिया गया। इस बात को लेकर पुलिस व टीएस समर्थकों के बीच काफी बहस हुई। अंत में समझाइश देने के बाद इन्हें जाने दिया गया। इस बात को लेकर टीएस समर्थकों में काफी नाराजगी देखी गई। वहीं कांग्रेस समर्थकों का कहना था कि और नेताओं को अंदर जाने दिया जा रहा है, पर हम लोगों को क्यों रोका गया। टीएस समर्थकों व पुलिस के बीच काफी देर तक विवाद चलता रहा। इस दौरान गाली-गलौज भी हुई। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव भी खासे नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को राज्य शासन के प्रोटोकॉल मालूम होने चाहिए। किसे मंच पर जगह देनी है और किसे अंदर जाने देना है यह उन्हें जानकारी होनी चाहिए। कलेक्टर एवं एसपी को परिपक्व होने की जरूरत है। एयरपोर्ट में प्रवेश से कार्यकर्ताओं को रोके जाने की बात को लेकर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने नाराजगी व्यक्त की। समर्थकों व पुलिस के बीच हुए विवाद को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर टीएस ङ्क्षसहदेव ने कहा कि कलेक्टर एवं एसपी को परिपक्व होने की जरूरत है। इन्हें मालूम होना चाहिए कि किसे जाने देना चाहिए और किसे रोकना चाहिए। राज्य सरकार ने जो प्रोटोकॉल की सूची बना रखी है, उन्हें जिला प्रशासन को प्रोटोकॉल में प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर कैबिनेट दर्जा प्राप्त मंत्री नीचे बैठे हैं और मंच खाली है तो यह प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। ऐसा नहीं होना चाहिए। यह किसी के साथ वालों की बात नहीं है। प्रोटोकॉल जो है उसे पालन करना चाहिए।

कांग्रेस खेमे में गुटबाजी इस हद तक दिखी कि एयरपोर्ट पर कार्यकर्ता गाली-गलौज पर उतर आए। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री उन्हें मना करते नजर आए। उन्होंने कहा कि अपशब्दों का प्रयोग न करें। इसके बाद उन्होंने एयरपोर्ट व वहां की सुविधा को लेकर बात की। यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## बारातियों से भरी स्कॉर्पियो पलटी,दो की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 मई 2023
(घटती-घटना)।




लखनपुर थाना क्षेत्र के रजपुरी के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बारातियों से भरे स्कॉर्पियो सडक़ पर पलट गई। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए। जिसमें गंभीर रूप से घायल एक युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जजगा से पतराटोली सलका बारात गई थी। शुक्रवार की रात को स्कॉर्पियो में सवार होकर करीब आध दर्जन बाराती लौट रहे थे। रास्ते में रजपुरी के पास सडक़ पर सामने एक बाइक सवार आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो पलट गई। दुर्घटना में जजगा निवासी विकास सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार से पांच लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल जजगा निवासी 25 वर्षी कमलभान सिंह को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान इसकी भी मौत हो गई।

## नहाने के दौरान नाले में डूबने से किशोर की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 मई 2023
(घटती-घटना)।



नहाने के दौरान डेम के समीप नाले में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जानकारी के अनुसार घनश्याम पिता पंडित राम उम्र 12 वर्ष ग्राम केपी अजिरमा का रहने वाला था। वह शनिवार की सुबह डेम के पास नाले में नहाने अन्य बच्चों के साथ गया था। नहाने के दौरान वह पानी में डूब गया। जानकारी मिलने पर परिजन ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बलरामपुर जिले के नव पदस्थ कलेक्टर ने कुसमी विकासखंड क्षेत्र का दौरा किया और विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया

- संवाददाता -
कुसमी,06 मई 2023 (घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के नवपदस्थ कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने कुसमी विकासखंड क्षेत्र का दौरा कर क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण कार्य के निरीक्षण और शासकीय योजनाओं की जानकारी कलेक्टर ने ली है, कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सामरी में संचालित आदर्श गौठान का भ्रमण किया महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन कर गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण तथा विक्रय के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिए, इसके साथ गौठान में रीपा के अंतर्गत स्थापित होने वाले फ्लाई ऐश ईंट निर्माण संयंत्र, तेल और पोहा मिल के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किया, फिर कलेक्टर ने नगर पंचायत कुसमी के एस.एल.आर.एम. का निरीक्षण भी किया, और महात्मा गाँधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क (रीपा) सामरी तथा शंकरगढ़ का अवलोकन कर प्रगति की जानकारी भी ली है, दौरे के दौरान कुसमी-आस्ता-जशपुर मार्ग पर पुल के निर्माण कार्य का अवलोकन किया, साथ ही कुसमी से शंकरगढ़ के मध्य सड़क मार्ग का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए है ,गौरतलब है की बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के नवपदस्थ कलेक्टर रिमिजियुस एक्का जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे है,और दौरे के दौरान संचालित शासन की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं और क्षेत्र के विकास के लिए चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा भी ले रहे हैं, कलेक्टर के दौरे कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी अनमोल विवेक टोप्पो, तहसीलदार मोहन भारद्वाज, पी.डब्ल्यू.डी. के कार्यपालन अभियंता एस.के. गुप्ता, नगर पंचायत कुसमी सी.एम.ओ. नारायण साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत पसरा मातम

- संवाददाता -
लखनपुर,06 मई 2023
(घटती-घटना)।





लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत से शादी की खुशी मातम में बदल गई प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम रजपुरीकला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन शुक्रवार की रात करीब 8 .30 बजे के करीब हाईवे पर अचानक राहगिरो तथा ट्रक के सामने आ जाने पर स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई वाहन में 7 लोग सवार थे। वाहन में सवार कमल सिंह पिता रोहणी प्रताप सिंह उम्र लगभग 25 वर्ष ग्राम जजगा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। गंभीर स्थिति में दूसरे युवक अशोक सिंह पिता सुखराम सिंह उम्र 35 वर्ष ग्राम नरकालो को उपचार के लिए अंबिकापुर अस्पताल दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान रात लगभग 11⁻30 बजे मौत हो गई। इस हादसे में वाहन चालक विकास सिंह पिता लखन सिंह निवासी ग्राम जजगा गंभीर रूप से घायल हो गया है।स्कार्पियो में अन्य दूसरे सवार सत्येन्द्र सिंह के सिर में एवं गोविन्दा के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। दोनों घायलों का ईलाज जारी है। बताया जा रहा है कि स्कार्पियो कार ग्राम जजगा से पतराटोली सलका के लिए बारात लेकर गई हुई थी। परन्तु कुछ सामान खरीदारी करने वाहन में सवार सभी बाराती लखनपुर आ रहे थे। बिलासपुर अम्बिकापुर नेशनल हाईवे 130 स्थित ग्राम रजपुरीकला के पास सामने से आ रहे ट्रक एवं सड़क में राहगीरों की भीड़ को बचाने के फिराक में स्कार्पियो कार चालक वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन कस्तूरबा आश्रम के समीप दुर्घटना ग्रस्त हो गया। दुर्घटना होने के उपरांत दो युवकों की मौत हो गई।सूचना पर 112 आरक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह चालक हर्ष मानिकपुरी तथा लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची के 112 वाहन के जरिए सभी को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरो ने कमल सिंह को मृत घोषित किया तो वही उपचार के दौरान अशोक सिंह की भी मौत हो गई। युवकों के मौत से ग्राम जजगा तथा नरकालो में शोक का माहौल निर्मित है।

# हत्या के प्रयास मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार,थाना भटगांव पुलिस की कार्यवाही

» मामले में अब तक 7 आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,06 मई 2023
(घटती-घटना)।



बीते 28 अप्रैल को भटगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम केवटाली जंगल में डोमनहील चिरमिरी निवासी रोहित सिंह और उसके साथियों के द्वारा रास्ता रोककर भाजयुमो के मण्डल अध्यक्ष अमन प्रताप सिंह व उसके साथियों को जान से मारने की धमकी देकर राड से प्राणघातक हमला किया गया। प्रार्थी अखण्ड प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर थाना भटगांव में धारा 341, 147, 148, 149, 506बी, 324, 323, 307, 115, 120बी भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पूर्व में मामले के आरोपी संजय अग्रवाल, चंदन उर्फ चंद्रप्रकाश शर्मा, आफताब खान उर्फ गोलू, राकेश चौहान, विक्रम सिंह उर्फ विक्की व रोहित सिंह को गिरफ्तार किया गया था और अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन में थाना भटगांव की पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना चिरमिरी पुलिस व थाना भटगांव पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आरोपी राज सिंह उर्फ राकेश कुमार सिंह पिता सुन्दर सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी चिरमिरी गोदरीपारा वार्ड नंबर 31 थाना चिरमिरी जिला एमसीबी को गिरफ्तार कर किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू. थाना प्रभारी चिरमिरी निरीक्षक कमल कान्त शुक्ला, एसआई सी.पी.तिवारी, बी.एम.गुप्ता, प्रधान आरक्षक पुरनचन्द राजवाडे, शत्रुहन पोर्ते, आरक्षक प्रकाश साहू, नौशाद अहम्मद, शाहीद अहम्मद, संतोष जायसवाल, प्रहलाद पैकरा, मनोज जायसवाल, प्रभाकर सिंह, भुनेश्वर पाटले, रामचन्द राम एवं चिरमिरी पुलिस टीम सक्रिय रही।

## थाना झिलमिली पुलिस ने जन चौपाल लगाकर लोगों के शिकायतों का किया निराकरण

- संवाददाता -
सूरजपुर,06 मई 2023
(घटती-घटना)।



पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना झिलमिली पुलिस के द्वारा शनिवार को ग्राम खड़ापारा में पुलिस जन चौपाल लगाकर आमजनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर मौके पर निराकरण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को कानून, साइबर क्राईम, वर्तमान में हो रहे धोखाधड़ी से जागरूक रहने की जानकारी देते हुए उनकी शिकायत-समस्याएं को सुना और निराकरण किया। मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से चर्चा कर गांव की स्थिति के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों को कानून की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी और वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी। यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उसका पालन करने, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने, अवैध कार्यों एवं अपराध की सूचना पुलिस को देने की अपील किया।

# तबादलों में बड़े पैमाने पर खामियां नजर आयी सामने

» हाई कोर्ट को लेना पड़ा फैसला

» 235 शिक्षकों के तबादले निरस्त करने का कोर्ट ने दिया आदेश

**रायपुर,06 मई 2023(ए)।** प्रदेश में शिक्षकों के तबादले के लिए जो स्थानांतरण नीति सरकार ने बनाई थी उसका जिलों में जमकर उल्लंघन हुआ है। जिला और राज्य स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा नियम-कायदों को ताक पर रखकर शिक्षकों की तबादला सूची तैयार की गई। इसका नतीजा यह है कि अकेले हाई कोर्ट ने 235 शिक्षकों के तबादले निरस्त करने का आदेश दिया है। इसके अलावा पिंगुआ कमेटी ने अपनी जांच में कितने तबादलों को नियम विरुद्ध पाया इसकी जानकारी सामने नहीं आयी है।

इस बार शिक्षकों के ट्रांसफर में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई है। कई तबादलों की वजह से स्कूल शिक्षक विहीन हो गये, तो कई स्कूल एकल शिक्षकीय हो गये। इसके अलावा परीविक्षा अवधि वाले शिक्षकों का भी तबादला कर दिया गया। इस मामले में कई शिक्षकों ने हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया है।

### कोर्ट ने एक साथ की सुनवाई

शिक्षा विभाग में यह पहली बार हुआ है जब तबादले के बाद सैकड़ों की संख्या में स्कूल शिक्षकों ने हाई कोर्ट की शरण ली। कोर्ट में सुनवाई होती रही और आदेश होते रहे। इधर सरकार ने पिंगुआ कमेटी बनाकर इसके समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करने का निर्देश शिक्षकों को दिया। हाई कोर्ट जाने वाले शिक्षकों की शिकायत लगभग एक प्रकार की ही थीं, कि उनका तबादला स्थानांतरण नीति का उल्लंघन करते हुए किया गया है। ऐसी ही मिलती-जुलती 21 याचिकाओं को एक साथ क्लब करते हुए कोर्ट ने सुनवाई कि और शासन से जवाब माँगा।

### नियम विरुद्ध तबादलों का आंकड़ा आया सामने

हाई कोर्ट की ओर से जारी नोटिस के जवाब में जो जानकारी सामने आयी है वह काफी चौंकाने वाली है। उसके मुताबिक स्थानांतरण आदेश सितंबर 2022 में 235 शिक्षकों के स्थानांतरण त्रुटिपूर्ण हैं। जिसके कारण 172 विद्यालय एकल शिक्षकीय 19 विद्यालय शिक्षक विहीन हुए है। 20 शिक्षकों का स्थानांतरण परिवीक्षा अवधि में, 15 शिक्षकों का स्थानांतरण ऐसी संस्थाओं में हुआ है, जहां पद रिक्त नहीं है। इसी प्रकार 03 शिक्षकों का स्थानांतरण ई संवर्ग से टी संवर्ग तथा 05 शिक्षकों का स्थानांतरण टी संवर्ग से ई संवर्ग और 01 शिक्षक का स्थानांतरण छात्र-शिक्षक अनुपात के विपरीत हुआ है।



### तबादलों को निरस्त करने का आदेश

प्रदेश भर में जी 235 शिक्षकों का नियम विरुद्ध तबादला किया गया है, उनमें से कुल 161 शिक्षकों को कार्यमुक्त किया जा चुका है, जबकि 74 शिक्षकों को कार्यमुक्त नहीं किये जाने के कारण वे पूर्व संस्था में पदस्थ रहकर कार्य कर रहे हैं। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका कमांक 1955 / 2023 एवं अन्य में 21 अप्रैल 2023 को पारित निर्णय में 235 तबादलों को निरस्त करते हुए, संशोधित आदेश जारी करने के लिए निर्देशित किया है। न्यायाधीश राकेश मोहन पांडेय ने अपना फैसला सुनाते हुए समस्त दिशानिर्देशों का महीने भर के भीतर पालन करने को कहा है। त्रुटिपूर्ण तबादले को लेकर डीपीआई ने सभी संभाग आयुक्त से प्रस्ताव मांगा है। बता दें कि 235 शिक्षकों का आंकड़ा तो विभाग ने हाई कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया था। इसके अलावा पिंगुआ कमेटी के समक्ष भी सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों ने अपने तबादलों को लेकर आपत्ति जताई है। कमेटी ने समीक्षा करके सभी मामलों में अलग-अलग फैसला करते हुए संबंधित जिलों को पत्र प्रेषित कर दिया है। इस आंकड़े को विभाग ने फ़िलहाल आम नहीं किया है, अन्यथा नियम विरुद्ध तबादलों की फेहरिस्त और लंबी होती।

**नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया कटाक्ष**

# पहले अपने नेताओं के संपर्क में तो रह लें

**रायपुर,06 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के कांग्रेस के बहुत सारे नेता बीजेपी के संपर्क में वाले बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि नारायण चंदेल पहले अपने नेताओं के संपर्क में तो रह लें। जब कभी बस्तर संभाग में बैठक होती है, तो वे गायब हो जाते हैं। बीजेपी ने पुराने नेताओं धरमलाल कौशिक और रमन सिंह को नेपथ्य पर धकेल दिया गया है। भर्ती के सवाल पर कहा उन्होंने कहा कि नारायण चंदेल पहले पूरा बजट देख लें। बजट भाषण में मैंने कहा था कि 3 राज्य हैं, जहां कर्जा नहीं लिया गया है। जिनमें ओडिशा, त्रिपुरा और तीसरा छत्तीसगढ़ शामिल हैं। हमारी अर्थव्यवस्था अच्छी है। यदि खराब अर्थव्यवस्था होती तो सारी योजना हम लागू नहीं कर पाते। चाहे राजीव गांधी न्याय योजना हो, गोधन या योजना हो या बेरोजगारी भत्ता देने की बात हो, इसे हम लागू नहीं कर पाते।



वहीं सरकारी कर्मचारियों के वेतन नहीं दे पाने के सवाल पर कहा कि हमने कोरोना काल में भी किसी कर्मचारी की वेतन में कोई कटौती नहीं की जबकि उस समय देश के 6 राज्यों में 30 पर्सेंट की कटौती की गई थी। भारत सरकार ने खुद सांसदों के उनके तनख्वाह में 30 परसेंट की कटौती की थी। जितना कर्जा केंद्र सरकार ने लिया है, उतना छत्तीसगढ़ ने नहीं लिया है।

पीएम मोदी के तुष्टीकरण के आरोप पर सीएम ने कहा कि बजरंग बली और बजरंग दल दोनों अलग हैं। बजरंग बली के नाम को लेकर किसी को कोई तकलीफ नहीं है। सवाल करते हुए पूछा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल के कार्यकाल में बीजेपी ने कभी रामायण कराए, कभी कौशल्या माता का मंदिर जीर्णोद्धार कराए, शिवरीनारायण राजिम में रामजी की मूर्ति की स्थापना करवाई। पूरे राज्य में हम ना केवल रामायण करवा रहे हैं, बल्कि रामायण समितियों को 5 हजार भी दे रहे हैं।

बजरंग बली वह हम सबके आराध्य हैं। पीएम मोदी 40 पर्सेंट कमीशन पर क्यों नहीं बोलते। अडानी के बारे में क्यों नहीं बोलते। अरुणाचल प्रदेश में आग लगी है। 12 में से 8 जिलों में देखते ही गोली मारने का आदेश है। डबल इंजन की सरकार है वहां। उसके बारे में क्यों नहीं बोलते। बीजेपी खुद के बारे में बताए, अपनी पार्टी के बारे में बताएं।

### भ्रष्ट लोगों की पार्टी है बीजेपीः सीएम भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अंबिकापुर दौरे पर हैं. भर्ती पर सवाल उठाए जाने पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि नारायण चंदेल जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं. हमारी अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी है. अगर अर्थव्यवस्था अच्छी नहीं हो पाती तो हम योजनाएं लागू नहीं कर पाते. सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कोरोना काल में हमने किसी अधिकारियों का पैसा नहीं काटा. केंद्र सरकार ने अधिकारियों के पैसे काट दिए थे. सवाल तो यह है कि केंद्र सरकार की अर्थव्यवस्था अच्छी है या फिर हमारी.

इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की तुष्टीकरण के आरोप पर सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार किया. उन्होंने कहा कि बजरंगबली और बजरंग दल दोनों अलग हैं. किसी को बजरंगबली हनुमान की जय बोलने से आपत्ति नहीं. प्रधानमंत्री 40त्न कमीशन की बात क्यों नहीं करते. अडानी के बारे में प्रधानमंत्री क्यों जवाब नहीं देते. करप्ट लोगों की पार्टी बन गई है भारतीय जनता पार्टी।



# 4 दिन ईडी की रिमांड पर रहेंगे मेयर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर

**रायपुर,06 मई 2023(ए)।** कोर्ट में अनवर ढेबर के मामले में सुनवाई पूरी कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार ईडी को 4 दिनों की रिमांड दिए जाने की खबर है। कोर्ट में ईडी की टीम ने 14 दिन की रिमांड मांगी थी।

आपको बता दें कि आज ईडी ने कारोबारी अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया है। मार्च के महीने में ढेबर के घर और दफ्तर पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी की थी। बीती रात रायपुर के एक होटल में ईडी की टीम ने दबिश दी थी। वहीं पूछताछ के लिए ढेबर को बुलाया गया था। ऐसी जानकारी आ रही है कि पुख्ता सबूत हाथ लगने के बाद ही ईडी ने ढेबर को गिरफ्तार किया है। अनवर ढेबर के भाई शहर के महापौर एजाज ढेबर को भी पूछताछ के लिए ईडी ने दफ्तर बुला लिया। मंगलवार को ही ईडी ने करीब 12 घंटे अपने दफ्तर में बैठाए रखा था।

# प्राचार्य व व्याख्याता निलंबित

» फर्जी बिलों से करोड़ों की हेराफेरी, प्रभारी प्राचार्य व व्याख्याता निलंबित

**रायपुर,06 मई 2023(ए)।** शिक्षा विभाग में फर्जी बिल के जरिये करोड़ों की हेराफेरी का मामला सामने आया है। इस मामले में लोक शिक्षण संचालक ने प्रभारी प्राचार्य और एक व्याख्याता को निलंबित कर दिया है। इस मामले में एक शिक्षक और सहायक ग्रेड-3 का भी नाम आया है। मामला कोरबा जिले के हरदीबाजार स्कूल का है, जहां सेवानिवृत्त व मृत शिक्षकों के नाम से फर्जी बिल जारी कर हेराफेरी की गई है।





जानकारी के मुताबिक कोरबा जिले के हरदीबाजार स्कूल में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य व्यास नारायण दिवाकर, सहायक ग्रेड-3 ऋषि कुमार जायसवाल, अंडीकछार मिडिल स्कूल के शिक्षक सुरेंद्र कुमार पाटले और व्याख्याता होमनाथ भारद्वाज ने रिटायर्ड और मृत शिक्षकों के नाम पर फर्जी देयक बनाकर एक करोड़ 4 लाख 46,400 रुपए की हेराफेरी की है। यह मामला सामने आने पर बिलासपुर के संभागीय संयुक्त संचालक ने जांच की और लोक शिक्षण संचालनालय को अपनी रिपोर्ट भेजी थी। इसके आधार पर लोक शिक्षण संचालक सुनील जैन ने व्यास नारायण दिवाकर और होमनाथ भारद्वाज को सस्पेंड कर दिया है।

जांच में यह बात सामने आई है कि प्रभारी प्राचार्य दिवाकर ने सहायक ग्रेड-3 जायसवाल के साथ मिलीभगत कर हरदीबाजार हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ व्याख्याता (एलबी) राजेश कुमार राठौर की मृत्यु के बाद पात्रता नहीं होने पर भी ग्रेच्युटी की राशि 691891 रुपए उनकी पत्नी के खाते में जमा कराई।

# स्मार्ट सिटी कंपनी ने हड़पे निगम के अधिकार

» जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी,

» बिलासपुर हाईकोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**बिलासपुर ,06 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में स्मार्ट सिटी कंपनियों के निर्वाचित संस्थाओं के अधिकार हड़पने वाली जनहित याचिकाओं पर हाईकोर्ट ने सुनवाई आज पूरी कर ली गई। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस दीपक कुमार तिवारी की बेंच ने तीन दिनों तक याचिकाओं पर सुनवाई की। अधिवक्ता विनय दुबे द्वारा दायर जनहित याचिका में बिलासपुर और रायपुर नगर में कार्यरत स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनियों को चुनौती दी गई है। जनहित याचिका में कहा गया है कि, स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनियों ने निर्वाचित नगर निगमों के सभी अधिकारों और क्रियाकलाप का असंवैधानिक रूप से अधिग्रहण कर लिया है। जबकि ये सभी कंपनियां विकास के वही कार्य कर रहीं जो संविधान के तहत संचालित प्रजातांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचित नगर निगमों के अधीन है। पिछले पांच सालों में कराए गए कार्य की प्रशासनिक या वित्तीय अनुमति नगर निगम मेयर इन काउंसिल या सामान्य सभा से नहीं ली गई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि, कंपनी का स्वामित्व राज्य शासन और निगम की 50 फीसदी भागीदारी होने के बाद भी राज्य सरकार का है। अधिकारियों को ही डायरेक्टर बनाया गया है, यह स्थानीय निकाय को कमजोर करने का प्रयास है। बता दें कि इस मामले पर तीन मई को बहस शुरू हुई थी। इस दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव और स्मार्ट सिटी कंपनियों की तरफ से अधिवक्ता सुमेश बजाज ने पक्ष रखा। सुनवाई पूरी होने के बाद हाई कोर्ट ने फिलहाल अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।







# हिंदी माध्यम स्कूलों को लगा तगड़ा झटका!

» प्रदेश के 2 हजार स्कूल हुए बंद

**रायपुर,06 मई 2023(ए)।** शिक्षा के बदलते इस वातावरण में हिंदी माध्यम स्कूलों का क्रेज खत्म होता जा रहा है। पहले हिंदी माध्यम स्कूलों में एडमिशन को लेकर मारामारी चल रही थी, लेकिन इन 4 से 5 सालों में हिंदी माध्यम स्कूलों को तगड़ा झटका लगा है।

छत्तीसगढ़ के लगभग 2 हजार हिंदी माध्यम के स्कूल बंद हो चुके हैं। तो वहीं कुछ स्कूल अभी भी आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। मामले में शिक्षाविद का कहना है कि पालक भी खुद यही चाहते हैं कि उनका बच्चा उनसे ज्यादा बेहतर शिक्षा प्राप्त करे इसलिए वो अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई की ओर रुख कर रहे हैं।

वहीं, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता बताते हैं कि ऋञ्जश्व के तहत हिंदी माध्यम स्कूलों में प्रवेश लेने वालों की संख्या ना के बराबर है। जबकि अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में सीटें फुल हैं।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की हत्या की साजिश पर जवाब दे मोदी शाहःकांग्रेस

» गृह विभाग और निर्वाचन आयोग तत्काल कार्यवाही करे

» सत्ता की हवस में भाजपा का नफ्रत, हिंसा, उन्माद और आपराधिक षड्यंत्र एक बार फिर उजागर

**रायपुर,06 मई 2023(ए)।** छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवार मणिकांत राठौर के ऑडियो रिकॉर्डिंग से भाजपा का अपराधिक चरित्र एक बार फिर उजागर हुआ है। कर्नाटक में संभावित चुनावी हार से भयभीत भारतीय जनता पार्टी अपने आजमाएं हुए राजनीतिक टूल्स पर काम कर रही है। इतिहास गवाह है कि भाजपाई चुनावी लाभ के लिए नफ्रत, हिंसा, उन्माद भड़काने और षडयंत्र रचने से नहीं चूकते। कभी बुल्डोजर तो कभी ठीक कर देने की खुलेआम धमकियां भाजपा के नेता सार्वजनिक सभाओं में देते रहे हैं। कर्नाटक में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के तमाम प्रयास असफ्ल होने के बाद कुंठित भाजपाई अब कायराना हरकत पर उतारू हैं। प्रधानमन्त्री मोदी और देश के गृहमंत्री बताएं की क्या भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और उनके परिवार का सफाया करना चाहती है? देश के प्रधानमंत्री मोदी विगत 1 हफ्ते से कर्नाटक में जमें हैं, क्या इसी दौरान यह षडयंत्र रचा गया? उनके चहेते भाजपा प्रत्याशी मणिकांत राठौर को किसका संरक्षण है? इस षडयंत्र में और कौन-कौन शामिल हैं?



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी अपराधी, बलात्कारी, भ्रष्टाचारी और आतंकियों की पनाहगाह पार्टी है। चित्तपुर, कर्नाटक से भाजपा प्रत्याशी मणिकांत राठौर के खिलाफ 40 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है, लेकिन क्या मोदी के चहेते होने के कारण उन्हें टिकट दी गई? कांग्रेस का एक दलित कार्यकर्ता आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर पहुंचे हैं, जो भाजपा को बर्दास्त नहीं हो रहा है। आतंकियों को कंधार छोड़ने वाले यही भाजपाई हैं। ध्रुव सक्सेना जैसे आई एस आई के सहयोगी इसी भाजपा के आईटी सेल के पदाधिकारी रहे। आतंकियों के सहयोगी देवेंद्र सिंह को संरक्षण देने वाले भी यही हैं। बलात्कार के आरोपी चिन्मयानंद, कुलदीप सेंगर और अब बृजमोहन शरण के समर्थन में यही भाजपाई हैं। विपक्ष शासित राज्यों में दंगे और अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनके परिजनों के हत्या का षड्यंत्र बेहद निंदनीय है। कर्नाटक पुलिस, देश के गृह विभाग का इंटेलिजेंस और चुनाव आयोग इस आपराधिक षड्यंत्र पर तत्काल कार्यवाही करे।





# जोगी कांग्रेस के पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

**बिलासपुर ,06 मई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में आगामी दिनों में विधानसभा चुनाव होना है, जिसके चलते सियासी गलियारों में घमासान मचा हुआ है। वहीं दूसरी ओर नेताओं के दल बदल का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। हाल ही में भाजपा नेता नंद कुमार साय ने भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ले ली। लेकिन इस बीच खबर आ रही है कि जेसीसीजे को बड़ा झटका लगा है। मिली जानकारी के अनुसार जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के पदाधिकारियों शनिवार को इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों में लोकसभा प्रभारी, जिलाध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, महिला विंग जिला अध्यक्ष का नाम शामिल है। बताया जा रहा है कि सभी पदाधिकारियों ने पार्टी, प्रदेश अध्यक्ष के निष्क्रियता का हवाला देते हुए यह फैसला लिया है।

# द केरल स्टोरी को छत्तीसगढ़ सरकार टैक्स फ्री करे : सरोज पांडे

**रायपुर,06 मई 2023(ए)।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद (राज्यसभा) डॉ. सरोज पांडे ने 'द केरला स्टोरी' फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने की मांग की है। डॉ. (सुश्री) पांडेय ने कहा कि द केरला स्टोरी वास्तव में छत्तीसगढ़ की भी स्टोरी है, यह देशभर की स्टोरी है।

भाजपा सांसद डॉ. (सुश्री) पांडेय ने कहा कि' द केरला स्टोरी' भारतीय समाज की सभी बेटियों को जागरूक करने, उन्हें लव जिहाद जैसी साजिशों से सावधान करने और उन्हें आतंकवाद का टूल्स बना देने की साजिश के विरुद्ध भी जागरूक करेगी। सुश्री पांडेय ने छत्तीसगढ़ में इस फिल्म को प्रतिबंधित करने की चल रही चर्चाओं को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इन चर्चाओं से स्पष्ट है कि कांग्रेस सामाजिक सद्भावना को नष्ट करने वाली आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी



नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि 'द केरला स्टोरी' आतंकवादियों की छद्म नीतियों की साजिशों का पर्दाफाश करने वाली फिल्म है।

भाजपा सांसद डॉ. (सुश्री) पांडेय ने कहा कि देश की कांग्रेस सरकार यदि वास्तव में छत्तीसगढ़ की बेटियों की भला चाह रही है तो 'द केरला स्टोरी' को छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित नहीं, बल्कि टैक्स फ्री करने की घोषणा करे। डॉ. (सुश्री) पांडेय ने सवाल किया कि जब-जब आतंकवाद के खिलाफ समाज को जागरुक करने की कोशिश होती है, आतंकी साजिश को बेनकाब कर आतंकियों पर कार्रवाई की जाती है, तब-तब कांग्रेस के पेट में मरोड़ क्यों होने लगता है? आखिर क्यों कांग्रेस वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति में आतंकियों के सामने हर बार घुटने पर आ जाती है?

# नवोदय विद्यालय की होनहार छात्रा ने अपना नाम दर्ज कराया स्पेस किड्स इंडिया में

» साक्षीजायसवाल स्पेस साइंटिस्ट के ग्रैंड फिनाले में हुई समान्नित

**गरियाबंद,06 मई 2023 (ए)।** 'स्पेस किड्स इंडिया' के 'स्पेस साइंस वर्ग' में छात्रा साक्षी जायसवाल कक्षा 8वी जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका गरियाबंद के प्रतिभाशाली छात्रा हैं। साक्षी जायसवाल की माता पिता दोनों शिक्षक हैं माता गरियाबंद के एकलब्य आवसीय विद्यालय मैनपुर में सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका हैं। पिता डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बेमेतरा में प्राचार्य हैं। भैय्या भी यंगेस्ट वैज्ञानिक बनकर गरियाबंद कलेक्टर व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से अवॉर्ड ले चुके हैं साक्षी जायसवाल ने 'स्पेस किड्स इंडिया संस्था 'के ग्रैंड फिनाले के नौवें संस्करण में 'स्पेस किड्स इंडिया यंग साइंटिस्ट इंडिया चैलेंज 2022- 23 प्रतियोगिता में शामिल हुएद्य

यह प्रतियोगिता चेन्नई में 3 व 4 मई 2023 को आयोजित की गयी छात्रा साक्षी ने स्पेस साइंस वर्ग में भाग लिया, इस प्रतियोगिता में छात्रा साक्षी के द्वारा ग्रांड फिनाले में मॉडल और प्रस्तुति प्रस्तुत कि छात्रा साक्षी ने बताया की यहाँ तक पहुचाने में नवोदय विद्यालय के साइंस शिक्षिका ममता मेंम



मार्गदर्शिका रही। साक्षी जायसवाल स्पेस साइंस को लेकर एक मॉडल तैयार की थी जिसका छत्तीसगढ़ राज्य से गवरमेंट स्कूल के ओर से चयन हुआ था साक्षी जायसवाल छत्तीसगढ़ की एक अकेली छात्रा है जिसका स्पेस किड्स इंडिया में चयन हुआ है यंग साइंटिस्ट इंडिया के आयोजन में पूरे भारत देश के प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमें जम्मु कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के जिसमें आठ केंद्रशासित प्रदेश व 28 राज्य के अलग-अलग जगहों से कुल 3000 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें से ग्रांड फिनाले के लिए कुल 66 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था,

यंग साइंटिस्ट इंडिया तीनों चरणों के लिए साक्षी ने पूरे भारत भर में अपना प्रतिभा दिखाते हुए चयन होकर अंतिम फाइनल में स्थान बना कर ग्रांड फिनाले में शामिल हुई ।साक्षी जायसवाल स्पेस किड्स इंडिया के प्रमुख व सी ई ओ श्रीमती केसन के कर कमलों से पुरूस्कृत हुआ। स्पेस किड्स इंडिया प्रमुख श्रीमति केसन ज़ीरो ग्रैविटी में उड़ान भरने का अनुभव हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला हैं. साथ ही उन्हें अमेरिका में एक सेलिब्रिटी अंतरिक्ष मिशन के जरिए शून्य गुरुत्वाकर्षण का अनुभव भी हैं। केसन ने भी बधाई दिया। साक्षी जायसवाल को इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र राम सहित शिक्षक- शिक्षिकाओ ने भी बधाई व शुभकामनाएं दिए।

# आर्थिक मदद का लालच देते पाकिस्तान की यात्रा शुरू की चीनी विदेश मंत्री ने

इस्लामाबाद, 06 मई 2023। चीन के विदेश मंत्री चिन गांग की शुक्रवार से शुरू हुई इस्लामाबाद यात्रा से पाकिस्तान में ऊंची उम्मीदें जगी हैं। चिन ने यहां पहुंचने के बाद यह कहा कि वे पाकिस्तान की आर्थिक मुश्किलों से परिचित हैं और पाकिस्तान की मदद करना उसकी 'प्राथमिकता' है। चिन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की भारत में हुई बैठक में भाग लेने के बाद यहां पहुंचे। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी इस बैठक के लिए भारत गए थे।

चिन ने यहां पहुंचने के तुरंत बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से मिलने गए। इस मुलाकात के दौरान पाकिस्तान की विदेश राज्यमंत्री हिना रब्बानी खार, चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग और दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बाद में पाकिस्तान के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी किया, जिसमें बताया गया कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने ÷क्षेत्रीय शांति और समृद्धि÷ के लिए काम करने और ÷मिल कर बाहरी चुनौतियों का सामना करने÷ का संकल्प जताया है।



विश्लेषकों के मुताबिक पाकिस्तान को उम्मीद है कि चिन अपनी यात्रा के दौरान पाकिस्तान को विशेष आर्थिक सहायता देने का वादा करेंगे। चीन ने गुजरे महीनों में भी पाकिस्तान को आर्थिक सहायता दी है। हाल ही में उसने लगभग 58 बिलियन डॉलर के निवेश से अपने यहां से पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित ग्वादार तक रेल लाइन बिछाने की योजना घोषित की है। इसके तहत पाकिस्तान में चीन बड़ा निवेश करेगा। इसके चीन-पाकिस्तान इकॉनमिक कोरिडोर (सीपीईसी) परियोजना के तहत वह पहले ही पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य कर चुका है। सीपीईसी चीन की महत्त्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना का हिस्सा है।

जानकारों के मुताबिक इन परियोजनाओं के कारण पाकिस्तान में चीन की पकड़ बेहद मजबूत हो गई है। जबकि खासकर बलूचिस्तान में चीन की पैठ के खिलाफ जन भावनाएं उभार पर रही हैं। कई हलकों से इन परियोजनाओं के कारण पाकिस्तान के चीन के कर्ज जाल में फंसने का अंदेशा भी जताया गया है। इसके बावजूद पाकिस्तान सरकार चीन से करीबी बढ़ाने की नीति पर चलना जारी रख रही है।

चिन गांग ने शुक्रवार को यहां कहा कि चीन और पाकिस्तान की ÷दोस्ती÷ हर स्थिति में खरी उतरी है। उन्होंने कहा- यह दोस्ती 'चट्टान की तरह' मजबूत है। चिन ने कहा- 'तेजी से बदल रही दुनिया के बीच जरूरत इस बात की है कि पाकिस्तान और चीन अपनी दोस्ती को और मजबूत बनाएं। वे अपने द्विपक्षीय सहयोग को उतना मजबूत करें, जिससे वे क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का मुकाबला कर सकें।' पर्यवेक्षकों के मुताबिक चिन की इस टिप्पणी पर पड़ोसी देश भारत और पश्चिमी देशों में खास गौर किया जाएगा।

चिन गांग ने कहा कि उनके देश के लिए पाकिस्तान की मदद करना प्राथमिकता है। इस सिलसिले में उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि चीन ने पाकिस्तानी छात्रों को चीन में पढ़ने का मौका देने का निर्णय लिया है।

उधर पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने चीनी विदेश मंत्री को आश्वासन दिया कि पाकिस्तान सीपीईसी और ग्वादार बंदरगाह के निर्माण का कार्य पूरा करने को लेकर वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से द्विपक्षीय व्यापार के साथ-साथ क्षेत्रीय व्यापार और संपर्क बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण मदद मिलेगी।



## ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति ने की पत्नी की हत्या, पुलिस के सामने सरेंडर कर कबूला अपना जुर्म

नई दिल्ली,06 मई 2023। पूर्वी लंदन में भारतीय मूल के 79 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर हमला करके उसकी हत्या कर दी। पुलिस की मानें तो ये बातें आरोपी ने सरेंडर करने के बाद कबूल की हैं।

गुरुवार को मेट पुलिस ने कहा कि आरोपी तारसेम सिंह को अपनी 77 वर्षीय पत्नी माया देवी की हत्या के आरोप में गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। जानकारी के मुताबिक, माया देवी की उनके आवास पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। तारसेम ने मंगलवार शाम पूर्वी लंदन के हॉर्नचर्च में अपने घर के पास एक पुलिस स्टेशन में सरेंडर कर दिया।

डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर मार्क रोजर्स ने कहा, %एक व्यक्ति हिरासत में है, यह अभी भी एक सक्रिय जांच है और हम जितना संभव हो उतना जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं।% उधर पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपराध के संबंध में जानकारी मांगी है।

## स्थानीय चुनाव में ऋषि सुनक को बड़ा झटका,उनकी पार्टी कंजर्वेटिव के 1000 से अधिक पार्षद अपनी सीट हारे

नई दिल्ली,06 मई 2023। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को स्थानीय चुनावों में बड़ा झटका लगा है। देशभर में हुए स्थानीय चुनावों में सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को 48 परिषदों में हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पार्टी के 1,000 से अधिक पार्षद अपना चुनाव हार गए। नतीजों के बाद विपक्षी लेबर पार्टी ने कहा कि मौजूदा प्रधानमंत्री को जनता स्वीकार नहीं कर रही है।



### पीएम बनने के बाद पहले ही चुनाव में हार का सामना

ब्रिटेन की 317 परिषदों में से 230 में स्थानीय प्रतिनिधियों का चुनाव करने के लिए गुरुवार को मतदान कराए गए थे। अक्टूबर 2022 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद से यह पहला ही चुनाव है और इसमें सुनक को हार झेलनी पड़ी। इस बीच, सुनक ने स्वीकार किया कि परिणाम निराशाजनक थे।

### जनता ने प्रधानमंत्री को स्पष्ट रूप से अस्वीकार किया: विपक्ष

इसके साथ ही लेबर अब स्थानीय सरकार में सबसे बड़ी पार्टी है। 2002 के बाद पहली बार कंजर्वेटिव पार्टी से आगे निकल गई है। विपक्ष के नेता और लेबर पार्टी के नेता कीर स्टारर ने दावा किया कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले अगले आम चुनाव में जीत की ओर है। लेबर पार्टी के प्रवक्ता ने कहा, %ब्रिटिश जनता ने एक ऐसे प्रधानमंत्री को स्पष्ट रूप से अस्वीकार किया है, जिसके पास सरकार बनाने का जनादेश नहीं था।

### कंजर्वेटिव पार्टी की गढ़ वाली सीटें भी छिनी

लिबरल डेमोक्रेट्स के नेता सर एड डेवी ने कहा था कि उनका दशकों में सबसे अच्छा नतीजा है। अब पार्टी का 12 परिषदों में नियंत्रण होगा जिसमें से ज्यादातर सीटें कंजर्वेटिव पार्टी के गढ़ वाली हैं। लेबर के 536 की तुलना में पार्टी को 405 नए पार्षद मिले। वहीं, ग्रीन पार्टी ने 241 सीटों पर जीत हासिल की। स्थानीय चुनावों में उसका भी अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

## नेपाल में फिर राजनीतिक अस्थिरता की आहट,सत्ताधारी गठबंधन में लगी पहली सेंध

काठमांडो,06 मई 2023। रवि लमिछाने की नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने पुष्प कमल दहल सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के नेतृत्व वाले गठबंधन से नाता तोड़कर फिर से नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार बनाने के बाद प्रधानमंत्री दहल को लगा यह पहला बड़ा झटका है।

रवि लमिछाने ने शुक्रवार को एलान किया- 'हमें जनता की अपेक्षाओं और जनादेश का सम्मान करना चाहिए। उप चुनाव में हमें मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने और अपनी पार्टी के संगठन को मजबूत करने का जनादेश मिला है।' उन्होंने कहा कि आरएसपी जनता को यह दिखाएगी कि रचनात्मक विपक्ष की भूमिका कैसे निभाई जाती है।

पिछले महीने तीन संसदीय क्षेत्रों में उप चुनाव हुए थे। उनमें से दो में आरएसपी के उम्मीदवारों ने बड़े अंतर से सत्ताधारी गठबंधन के उम्मीदवारों को हरा दिया। उसके बाद प्रधानमंत्री दहल ने रवि लमिछाने को अपने मंत्रिमंडल में शामिल करने की इच्छा जताई थी। लेकिन बुधवार को जब मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ, तो लमिछाने का नाम मंत्रियों की सूची में शामिल नहीं था। उस रोज तीन नए मंत्री बने, जो सभी नेपाली कांग्रेस के हैं।



आम चुनाव के बाद पिछले दिसंबर में जब दहल ने यूएमएल के साथ हाथ मिलाकर सरकार बनाई थी, तो लमिछाने की पार्टी उसका हिस्सा थी। लेकिन बाद में उन्होंने यह गठबंधन तोड़कर फिर से नेपाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया। तब वे लमिछाने की पार्टी को नए गठबंधन में भी ले आए। इस बीच लमिछाने की नागरिकता को लेकर विवाद उठ चुका था। इसलिए दहल ने लमिछाने को मंत्री नहीं बनाया। अब वो विवाद हल चुका है।

आरएसपी के चीफ व्हिप संतोष परियार ने अखबार काठमांडू पोस्ट से कहा- 'हम अपनी ताकत और लोकप्रियता के आधार पर सरकार में उचित हिस्सेदारी चाहते थे। लेकिन हाल की राजनीतिक घटनाओं के बाद हमने देखा कि यह संभव नहीं है।' आरएसपी के इस फैसले के बाद नेपाल में इस सवाल पर बहस खड़ी हो गई है कि क्या अब प्रधानमंत्री को फिर से संसद में विश्वास-मत हासिल करना चाहिए। इस मामले में संविधन विशेषज्ञों की अलग-अलग राय सामने आई है। विशेषज्ञ बिपिन अधिकारी ने कहा है कि संविधान के मुताबिक प्रधानमंत्री के लिए दोबारा विश्वास-मत हासिल करना तब अनिवार्य होता है, अगर मंत्रिमंडल में शामिल कोई दल सरकार से समर्थन वापस ले।

`किन नेपाल लॉ कैंपस में पहले एसोसिएट प्रोफेसर रह चुके गणेश दत्त भट्ट के मुताबिक अतीत में ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री फिर से विश्वास-मत हासिल करने की मिसाल कायम कर चुके हैं। उन्होंने कहा- 'प्रधानमंत्री के पक्ष में बहुमत है या नहीं, इसका परीक्षण सदन में होना चाहिए। इसको लेकर हम हम सदन के बाहर अनुमान नहीं लगा सकते।' राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक आरएसपी का सत्ता पक्ष से खुद को पूरी तरह अलग करने का फैसला उसके लिए सियासी तौर पर फायदेमंद हो सकता है।

## जापान में लगभग आधे युवाओं में है आत्मघाती सोच,अमेरिकी सर्वे में हुआ खुलासा

टोक्यो,06 मई 2023। धनी देशों में अपनी जिंदगी से निराश लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले हफ्ते अमेरिका में हुए एक सर्वे से सामने आया था कि वहां कम उम्र लड़कियों में आत्महत्या की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। अब ऐसा ही निष्कर्ष जापान में हुए एक सर्वे से सामने आया है। गैर सरकारी संस्था निप्पॉन फाउंडेशन की तरफ से कराए गए इस सर्वे के मुताबिक जापान के लगभग आधे (यानी 50 प्रतिशत) युवाओं में आत्मघाती सोच है। ऐसी भावना से ग्रस्त युवाओं में ज्यादातर ने शोधकर्ताओं को बताया कि अपनी ऐसी सोच के बारे में वे किसी से बात नहीं करते हैं। यह सर्वे पांच लाख से भी ज्यादा नौजवानों के बीच किया गया। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक शोधकर्ताओं ने 18 से 29 साल के बीच की उम्र वाले 5,01,018 व्यक्तियों को अपने सवाल भेजे। उनमें से 14,819 व्यक्तियों के उत्तर वैध पाए गए। आत्मघाती सोच से शिकार 56.6 फीसदी युवाओं ने कहा कि वे इस बारे में किसी से बात नहीं करते। जबकि 12.4 फीसदी युवाओं ने कहा कि ऐसी सोच आने पर उन्होंने अपने दोस्तों से बात की है। ऐसी सोच वाले 11.7 फीसदी युवाओं ने कहा कि अपनी इस भावना के बारे में उन्होंने अपनी मां से बात की।




सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक वैध जवाब भेजने वाले नौजवानों में 44.8 फीसदी ने कहा कि उन्होंने कभी ना कभी आत्महत्या करने के बारे में जरूर सोचा है। ऐसी सोच का कारण अपने संबंधों में परेशानी, आसपास के किसी व्यक्ति का डर और रोजगार या शिक्षा संबंधी भविष्य को लेकर चिंता रहे हैं। जिन नौजवानों में आत्महत्या की भावना आई, उनमें से 40.8 फीसदी ने कहा कि अतीत में वो खुदकुशी की तैयारी या कोशिश कर चुके हैं। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक आत्महत्या का ख्याल सबसे एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों में आया। समलैंगिकता के मामले में जापान एक कंजरवेटिव सोसायटी है। वहां ऐसे लोगों की जिंदगी मुश्किल बनी रहती है। शोधकर्ताओं के मुताबिक एलजीबीटीक्यू समुदाय में सबसे ज्यादा आत्मघाती प्रवृत्ति ट्रांसजेंडर व्यक्तियों या उन व्यक्तियों में देखी गई है, जो सिर्फ समलैंगिकता में रुचि रखते हैं- यानी विषमलिंगी के साथ संबंध बनाने में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं होती।

इसके अलावा यौन उत्पीड़न का शिकार हुए लोगों में भी आत्मघाती ख्याल ज्यादा आते हैं। सर्वे से सामने आया कि यौन उत्पीड़न के शिकार रहे 76.4 फीसदी लोगों में कभी ना कभी आत्महत्या कर लेने का भाव जगा। सर्वे से यह भी सामने आया कि जिन 14 हजार से अधिक लोगों ने वैध उत्तर भेजे, उनमें से 15.3 फीसदी अपने जीवन में यौन उत्पीड़न का शिकार बन चुके थे।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल के पेंशनधारी पर पत्नी की हत्या का आरोप

लंदन 06 मई, 2023। ब्रिटेन के ईस्ट लंदन इलाके में भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगा है। पुलिस ने बताया कि वह खुद थाने में आया और बताया कि उसने अपनी 77 वर्षीय पत्नी को मार दिया है। सिंह मंगलवार शाम को ईस्ट लंदन के हॉर्नचर्च इलाके में थाने पहुंचे और खुद को पुलिस को हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिस और पारामेडिक की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि देवी के सिर पर गंभीर चोट थी।




पुलिस के बयान में कहा गया है, कुछ समय बाद मौके पर ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके परिजनों को घटना की जानकारी है और विशेष रूप से प्रशिक्षित अधिकारी उनकी मदद कर रहे हैं।

हाल में सेवानिवृत्त होने से पहले सिंह और उनकी पत्नी पास के ही रेनहैम इलाके में डाकघर चलाती थीं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सिंह और देवी के एक बेटा और दो बेटी हैं। वे मूल रूप से भारत से हैं, लेकिन 50 साल से ज्यादा समय से ब्रिटेन में रह रहे हैं।

# पाक-चीन ने सीपीईसी पर सहयोग जारी रखने की बात दोहराई,भारत ने किया था परियोजना का कड़ा विरोध

इस्लामाबाद,06 मई 2023। पाकिस्तान और चीन के विदेश मंत्रियों ने शनिवार को सीपीआईसी (चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा) पर सहयोग जारी रखने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो और उनके चीनी समकक्ष किन गांग की सह-अध्यक्षता में इस्लामाबाद में %पाकिस्तान-चीन रणनीतिक वार्ता% के चौथे संस्करण में यह बात कही गई। इससे एक दिन पहले भारत ने अरबो डॉलर की इस बुनियादी ढांचा परियोजना की कड़ी आलोचना की थी।

रेडियो पाकिस्तान की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान और चीन ने सीपीईसी परियोजना के उच्च गुणवत्ता वाले विकास के लिए अपनी स्थायी प्रतिबद्धता दोहराई है। इससे पहले, गोवा में एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद एक विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस परियोजना की आलोचना की थी।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने सीपीईसी को लेकर क्या कहा

जयशंकर ने कहा था, मुझे लगता है कि तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर एससीओ की बैठक में एक बार नहीं बल्कि दो बार यह बहुत स्पष्ट कर दिया गया था कि कनेक्टिविटी प्रगति के लिए अच्छी है, लेकिन कनेक्टिविटी किसी देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन नहीं कर सकती है।

### सीपीईसी ने सामाजिक-आर्थिक विकास को दी गति: बिलावल भुट्टो जरदारी

बिलावल ने किन गांग के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह साल सीपीईसी के एक दशक के पूरा होने का प्रतीक है। इसने पाकिस्तान में सामाजिक-आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और लोगों की आजीविका में सुधार को गति दी है।

### पाक अधिकृत कश्मीर से गुजर रहा गलियारा

सीपीईसी 60 अरब डॉलर की परियोजना है। यह गलियारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजर रहा है। भारत सीपीईसी का विरोध करता है क्योंकि यह पीओके से होकर गुजरता है। चीन को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में ग्वादर बंदरगाह के माध्यम से अरब सागर तक पहुंच मिलती है।

### बिलावल भुट्टों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्या कहा

बिलावल ने कहा, यह परियोजना दुनियाभर के सभी निवेशकों के लिए खुली एक विन-विन आर्थिक पहल बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपने (सीपीईसी के) उच्च गुणवत्ता वाले विकास के लिए अपनी स्थायी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, सीपीईसी बेल्ट एंड रोड सहयोग (बीआरआई) का एक शानदार उदाहरण है, जो पाकिस्तान में सामाजिक-आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और लोगों की आजीविका में सुधार को गति देता है।




### आर्थिक मदद के लिए चीन का जताया आभार

बिलावल ने यह भी कहा कि पाकिस्तान समय पर सहायता के लिए चीन का तहे दिल से आभारी है, क्योंकि हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों और बहुपक्षीय मंचों पर मुख्य राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर हमेशा एक-दूसरे का समर्थन किया है। हम जम्मू-कश्मीर विवाद पर सैद्धांतिक स्थिति सहित सभी मुद्दों पर चीन के दृढ़ समर्थन की सराहना करते हैं। हम पाकिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राष्ट्रीय विकास के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर विवाद पर सैद्धांतिक और न्यायसंगत रुख के लिए चीन के दृढ़ समर्थन की गहराई से सराहना करते हैं।

### जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अविभाज्य हिस्से, किसी को टिप्पणी का हक नहीं

इससे पहले भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तानी और चीनी नेताओं के बयानों की आलोचना की थी। विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने चीन और पाकिस्तान की टिप्पणी के जवाब में कहां था, हमने लगातार ऐसे बयानों को खारिज किया है और सभी संबंधित पक्ष इन मामलों पर हमारी स्पष्ट स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से रहेंगे। किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

### चीन के विदेश मंत्री ने क्या कहा

चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि चीन बीआरआई के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने, सीपीईसी निर्माण में तेजी लाने, उद्योग, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी और आपदा रोकथाम और शमन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने और पाकिस्तान को अपनी अर्थव्यवस्था को बहाल करने और लोगों की आजीविका में सुधार करने में मदद करने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने के लिए तैयार है।

### वन चाइना पॉलिसी को लेकर पाकिस्तान ने समर्थन दोहराया

संवाददाता सम्मेलन में बिलावल ने कहा कि पाकिस्तान और चीन दशकों से एक-दूसरे के साथ खड़े हैं और आने वाले दशकों में भी ऐसा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने राष्ट्रीय हितों के सभी मुख्य मुद्दों पर चीन का दृढ़ता से समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने %एक चीन नीति (वन चाइना पॉलिसी), ताइवान, तिब्बत, शिनजियांग, हांगकांग और दक्षिण चीन सागर सहित अपने सभी मुख्य मुद्दों पर% चीन के लिए पाकिस्तान के दृढ़ समर्थन को दोहराया।

# श्रीराम की भक्ति में डूबे श्रद्धालु, आचार्य रामस्वरूपाचार्य जी ने सुनाया प्रसंग







- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,06 मई 2023 (घटती-घटना)।

प्रेमाबाग परिसर में चल रही श्रीराम कथा से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया है,कथा में शामिल होकर श्रद्धालु श्रीराम की भक्ति में डूबे हुए हैं,व्यास पीठ से कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामनंदाचार्य स्वामी श्री रामस्वरूपाचार्य जी महराज द्वारा अपने श्रीमुख से भक्तो को श्रीराम की जीवन गाथा से परिचित कराया जा रहा है।प्रतिदिन कथा के पूर्व साध्वी अमृतानंदमयी द्वारा कथा की शुरुवात की जाती है,जिसके बाद व्यास पीठ से आचार्य द्वारा कथा श्रवण कराया जाता है। तीसरे दिन गुरुवार को जहां भगवान श्रीराम के जन्म की कथा सुनाई गई तो वही चौथे दिन शुक्रवार को श्रीराम के विवाह की कथा के बारे में बतलाया गया।

व्यास पीठ से स्वामी श्री रामस्वरूपाचार्य जी ने श्रीराम के कहा कि समाज की स्थिति बड़ी विचित्र है,जितनी खुशियां राजा दशरथ ने चार पुत्रों की प्राप्ति पर मनाई थी उतनी खुशियां राजा जनक ने भी पुत्रियों के आने पर मनाई थी। नकारात्मक सोच ने बेटियो की संख्या बिगाड़ दी है अपने स्वार्थ के लिए। बेटी जब आती है अपना भाग्य लेकर आती है,रामकथा सुन रहे हैं तो राजा जनक जैसा विचार रखना होगा।

धर्म जगत में सबसे पहला सम्मान पुत्री वाला और बाद में पुत्र वाला सम्मान पाता है,कोई कितना भी बड़ा नाम वाला हो लेकिन आध्यात्म की दुनिया में उसे ही पहला स्थान मिलता है जिसके घर ने पुत्री का जन्म होता है। राजा जनक को ऐसी पुत्रियां मिली हैं जिन्होंने पूरे जगत से सम्मान पाया है और सम्मान दिलाया भी। कथावाचक ने कहा कि जिसके जीवन में कामनाओं का अंत हो जाए वही संत है, मिथिला में पाया जाने वाला बच्चा भी कुछ नहीं चाहता। उपदेश जिसका पवित्र है वही मिथला है। इस दौरान आयोजक समिति के प्रमुख शैलेष शिवहरे के साथ आदित्य नारायण मिश्रा, राकेश शिवहरे, अनिल शर्मा, धनेंद्र मिश्रा, आशीष शुक्ला, बसंत राय, रज्जू नामदेव, सुभाष साहू, शैलेंद्र शर्मा, राहुल मिश्रा, अभय दुबे, आयुष नामदेव, गीता प्रसाद नेमा, सिद्धिविनायक पांडेय, राजेंद्र सिंह,गिरीश राजपूत, योगेंद्र मिश्रा आदि समिति के सदस्य और श्रद्धालु जन शामिल रहे।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री का बयान घोर आपत्तिजनक व अलोकतांत्रिक है : रामचरित द्विवेदी



- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,06 मई 2023 (घटती-घटना)।

कांग्रेस के कर्नाटक चुनावी घोषणा पत्र में बजरंग दल की तुलना पीएफआई से कर बजरंग दल को बैन करने की बात कही गई है। उसके अनुसरण में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का बयान भी आया कि, हमने बजरंगियों को ठीक कर दिया है। हम भी छत्तीसगढ़ प्रदेश में बजरंग दल को बैन करने पर विचार करेंगे।÷ प्रदेश के मुख्यमंत्री का यह बयान घोर आपत्तिजनक व अलोकतांत्रिक है। उनके इस बयान के माध्यम से हमेशा की तरह कांग्रेस का हिन्दू विरोधी चेहरा फिर सामने आया है। हिन्दू सभा प्रदेश के मुख्यमंत्री व कांग्रेस के इस बयान की घोर निंदा व भर्त्सना करता है।

हिन्दू सभा के अध्यक्ष रामचरित द्विवेदी ने उक्त आशय का बयान जारी करते हुये कहा कि कर्नाटक राज्य में हो रहे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में बजरंग दल की तुलना पी, एफ, आई,से कर बैन लगाने की बात कही है, उससे पहले पार्टी ये जान ले कि सन् 2011-12 में जब केन्द्र में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार थी, तब भी पार्टी अध्यक्षा सोनिया गांधी जी ने भी बजरंग दल पर बैन लगाने का प्रयास किया था, तब उनके प्रमुख सलाहकार के, एम, नारायणन जी ने गृह मंत्रालय से रिपोर्ट मंगाई थी और उस रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने सोनिया जी को बजरंग दल पर बैन लगाने से मना किया था, बजरंग दल शुद्ध रूप से हिन्दू सनातन धर्म और राष्ट्रहित में काम करने वाला धार्मिक संगठन है, जो विश्व स्तरीय, संगठन विश्व हिन्दू परिषद के मार्गदर्शन के अनुसार काम करता है। ज्ञात हो जब कांग्रेस की सरकार ने हमारे मातृसंगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बैन लगाया था और जब जब बैन हटा है, संघ एक बड़ी महाशक्ति के रुप में उभरा है और आज आरएसएस की शक्ति को पुरा विश्व जानता है, इसलिए किसी सज्जन शक्ति और धार्मिक, देशभक्त संगठन को बैन करने की सोचना महापाप है। पीएफआई का नाम कई बार आतंकवादी गतिविधियों में और राष्ट्र विरोधी हिंसक वारदातों में आता रहा है

श्री द्विवेदी ने कहा कि पीएफआई की तुलना बजरंग दल से करना, घटिया और गंदी मानसिकता की परिणाम है। आज तक किसी भी धर्म और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में बजरंग दल का नाम नही आया है। जब भी हिन्दू सनातन धर्म पर कोई आंच आती है तब बजरंग दल अपने जान की बाजी लगाकर अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्रहित के कार्य के लिए तत्पर और तैयार रहता है। 1990 के दशक में बाबा अमरनाथ की यात्रा, जब आतंकवादी हमलों के कारण बन्द हुई तब बजरंग दल के साहसी नौजवानों ने यह यात्रा अपनी जान की परवाह ना करते हुए की, जब केन्द्र की कांग्रेस सरकार, पवित्र रामसेतु को तोड़ने का पाप कर रही थी, तब पुरे देश में जनजागरण का काम किया है। आज भी कहीं लव जिहाद होता है, गौ माता कत्लखाने जाती है, या गौ माता का इलाज करना होता है, मठ मंदिर टुटते है या कहीं हिन्दू समाज का धर्मांतरण होता है, कहीं हिन्दू समाज के विरुद्ध अत्याचार हो, तब ऐसे समय में अनेक देशहित के कामों के लिए हिन्दू समाज की ढाल के रुप में बजरंग दल खड़ा रहता है। ऐसे पवित्र और रामभक्त संगठन पर बैन लगाने की बात करने वालों को हिन्दू समाज कभी क्षमा नहीं करेगा और बैन की बात करने वालों को गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिलेगा। श्री रामभक्त बजरंग बली की शक्ति को तो त्रैलोक्य विजेता रावण भी नही रोक पाया था तो आज के ये धर्म विरोधी लोग क्या रोक पायेंगे? कर्नाटक चुनाव में बजरंग दल पर बैन करने की बात कहने वाली पार्टी को हिन्दू समाज सबक सिखायेगी। श्री द्विवेदी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री को चाहिए कि छतीसगढ़ में हो रहे अंधाधुंध धर्मांतरण पर रोक लगाये। लव जिहाद तथा भूमिजिहाद पर रोक लगाये। छत्तीसगढ़ की शांत भूमि पर बड़े पैमाने पर रोहिंग्याओं को बसाकर यहाँ का माहौल खराब करने पर रोक लगाये। श्री हनुमान की पूंछ पर आग लगाकर लंका दहन कोई नहीं रोक सकेगा। इन सब बातों का जवाब देना देश - प्रदेश की जनता अच्छे से जानती हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार के दिवंगत पिता को प्रेस क्लब द्वारा दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

» जिले के पत्रकारगणो ने श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन रखकर उनके कार्यों को याद किया



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,06 मई 2023 (घटती-घटना)।

प्रेस क्लब कोरिया एवम श्रमजीवी पत्रकार संघ कोरिया द्वारा दिनांक 5 मई 2023 को शाम 6 बजे स्थानीय रेस्ट हाउस में वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप को पितृशोक होने पर दिवंगत स्वर्गीय कृष्णा कश्यप की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उक्त श्रद्धांजलि सभा में जिले के वरिष्ठ पत्रकारगण प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथी गणों के द्वारा स्वर्गीय कृष्णा कश्यप के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने माल्यार्पण करते हुए कृष्णा कश्यप के शहर में दिए गए अभूतपूर्व योगदान को याद करते हुए कहा कि वे एक मृदुभाषी मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे जिनके पुलिस प्रशासनिक यातायात में दिए गए योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

संपादक दुष्यंत कुमार ने कहा कि वे एक सच्चे सिपाही थे जिनका जीवन सादगी पूर्ण एवं अनुकरणीय रहा है। वहीं प्रेस क्लब के महासचिव एस.के.रूप ने कहा कि स्व कृष्णा कश्यप मृदुभाषी मिलनसार प्रवृत्ति के धनी व्यक्तित्व थे उनका जीवन दाग रहित और अनुकरणीय रहा वह घर परिवार और समाज को लेकर चलने वाले व्यक्ति थे जनहित में और ट्रेफिक पुलिस रहकर जिले और शहर के विकास में अतुलनीय योगदान दिया है। वरिष्ठ पत्रकार फारुख ढेबर ने कहा कि श्री कश्यप मेरे अनन्य मित्र रहे। वह हमेशा याद रखे जाएंगे। अनूप बड़ेरिया ने कहा कि स्व कृष्णा कश्यप सादगी की मूरत रहे जिन्होंने बैकुंठपुर में यातायात का सुधार किया। कोरिया के ब्यूरो प्रमुख कृष्ण विभूति तिवारी ने कहा कि वे एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी पुरुष थे जो सदा हमारी स्मृतियों में जीवंत रहेंगे। वहीं अजीत पाटकर ने कहा कि स्व.कृष्णा कश्यप जैसे नेक दिल इंसा हमेशा याद रखे जाएंगे।अमृत संदेश चैनल इण्डिया की पत्रकार कमरून निशा ने कृष्णा कश्यप के कार्यों को याद करते हुए कहा कि मैंने किशोर अवस्था से उन्हें देखा वो एक महान व्यक्तित्व थे। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से प्रेस क्लब अध्यक्ष कमलेश शर्मा, संपादक सम्यक क्रांति दुष्यंत कुमार, विनोद शर्मा, महासचिव एस.के.रुप,वरिष्ठ पत्रकार फारुख ढेबर, यशवंत राजवाड़े, दिनेश दुवेदी, कमालुद्दीन अंसारी,अनूप बड़ेरिया, मनोज सिंह, कमरुन निशा, प्रदीप पाटकर एवं विजय सहित प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथीगण मौजूद रहे।

# जिले में 35 नए रेत घाटों का किया गया चिन्हांकन

» 12 रेत घाटों की पर्यावरण स्वीकृति प्रक्रियाधीन



- संवाददाता -
कोरबा,06 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिला खनिज विभाग के अधिकारी श्री प्रमोद नायक के अनुसार जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण पर नियमित रूप से कार्यवाही किया जा रहा है । साधारण रेत उत्खनन के लिए अनुसूचित क्षेत्र हेतु 19 जनवरी 2023 को नवीन नियम आने के पश्चात खनिज विभाग द्वारा जिले के 35 नए रेत घाटों को चिन्हांकित किया गया है जिसमे से 12 रेत घाटों को घोषित कर पर्यावरण स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है । अवैध रेत उत्खनन को रोकने के लिये खनिज विभाग द्वारा नाका लगाया गया है अवैध रेत उत्खनन हेतु प्रयुक्त मार्गो को जगह जगह खोदकर अवरूद्ध किया गया तथा अवैध उत्खनन वाले क्षेत्रों में जाकर प्रयुक्त वाहनों को जब्त करके निरंतर कार्यवाही किया जा रहा है । विगत अप्रेल माह में हमारे द्वारा कुल 34 वाहनों पर एमएमडीआर एक्ट 1957 के धारा 21 के तहत अवैध परिवहन की कार्यवाही किया गया है साथ ही जिले में रेत की कमी तथा रेत की बढ़ती हुई मंहगाई को दूर करने के लिए कुल 13 रेत भंडारण संचालित है । नवीन रेत खदानों की स्वीकृति के लिए खनिज विभाग द्वारा जल्दी ही कार्यवाही किया जा रहा है ।

# इंटक के प्रदेशाध्यक्ष एवं बालको इंटक के महासचिव पर धोखाधड़ी का एक और मामला दर्ज




- संवाददाता -
कोरबा,06 मई 2023 (घटती-घटना)।

इंटुक के रसूखदार प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह, बालको इंटक के महासचिव जयप्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष रमेश जांगिड़ के विरुद्ध भा द स 420,34 के तहत बालको थाने में जुर्म दर्ज किया गया हैं ज्ञात हो की प्रार्थी नरेन्द्र तिवारी ने अपनी शिकायत में दर्ज कराया है कि माह जनवरी 2023 तक इंटक बालको के पदाधिकारी के रूप में कार्यरत था। इंटक यूनियन द्वारा इंटक के सदस्यों एवं अनुदानकर्ताओ का खाता में राशि जमा किया जाता था । उक्त जमा किये राशि को इंटक के अध्यक्ष जी. संजीवा रेड्डी, संजय सिंह, जय प्रकाश यादव, रमेश जांगिड के द्वारा छल कपट कर व कूट रचना कर पूर्व आहरण कर इंटक के सदस्यों को बाद मदो की जानकारी ना देकर आर्थिक क्षति पहुंचाते हुए जमा धन का दुरुपयोग कर बंदर बाट किया गया है। वर्ष 2017 से इंटक के प्रबंधक कारिणी अध्यक्ष जी. संजीवा रेड्डी कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह, महासचिव जय प्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष रमेश जांगिड के विरुद्ध संस्था के जमा धन को छल कपट पूर्वक सुनियोजित तरीके से एक राय होकर आहरण किये जाने संबंधी मामले में एफ आई आर दर्ज की गई है । ज्ञात हो की एक अन्य मामले मे पहले ही संजय सिंह व जयप्रकाश फरार चल रहे हैं।

# बालको प्रबंधन के वादाखिलाफी के विरुद्ध परसाभाठा विकास समिति ने 24 घंटे से किया चक्काजाम

» आश्वासन पर टिकी बालको प्रबंधन के वादों ने स्थानीय लोगों को किया आक्रोशित





- संवाददाता -
कोरबा,06 मई 2023 (घटती-घटना)।

परसाभाठा विकास समिति द्वारा किए जा रहे जबरदस्त आंदोलन से बालको प्रबंधन के उड़े होश स्थानीय भर्ती और राखड़ का निराकरण न करने के कारण स्थानीय लोगों ने बालको प्रबंधन के खिलाफ फिर से एक बार आंदोलन सुरू कर दिया है उनका कहना है के बार बार प्रबंधन को कहने के बाद भी प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया गया और न ही प्रदूषण के रोकथाम के लिए कोई उपाय किया गया जिसके कारण यहां के लोग अब प्रदूषण की मार झेलने को मजबूर हो गए है साथ ही बालको प्रबंधन द्वारा लगातार बाहर से मजदूर लाकर कार्य करवाया जा रहा वही यहां के स्थानीय लोगो को नौकरी नहीं देने से वे बेरोजगार की मार भी झेल रहे है बालको प्रबंधन यदि कुछ दे रही है तो वो सिर्फ आश्वासन द्य इसी के चलते स्थानीय लोगों ने स्थानीय भर्ती और राखड़ का निराकरण को लेकर कई बार आंदोलन किया पर प्रबंधन द्वारा आश्वासन देते हुए मांगों को दरकिनार करते हुए अपने कार्यों को जारी रखा बालको प्रबंधन द्वारा चक्काजाम के दौरान लिखित आश्वासन के कई माह बाद भी स्थानीय लोगों को रोजगार, राखड़ परिवहन कर रहे भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक सड़क बनाने का वादा बालको प्रबंधन नही किया जिससे स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने आर पार की लड़ाई के साथ अब आंदोलन पर उतर गए हैं जो परसाभाठा विकास समिति के नेतृत्व में बालको प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरुद्ध प्लांट के सभी गेट के सामने शुक्रवार की दोपहर से प्रदर्शन कर रहे हैं इस दौरान गेट से कर्मचारियों और ठेका मजदूरों का अंदर जाना बंद कर दिया गया है। इस कारण बालको प्रबंधन ने शुक्रवार को जनरल ड्यूटी में पहुंचे कर्मचारियों व ठेका मजदूरों को रात्रिकालीन ड्यूटी के लिए रोक लिया लेकिन उनके खाने के लिए अलग इंतजाम नहीं किया गया था ऐसे में रात में भूख लगने पर कर्मचारी एवं मजदूर जब प्लांट के कैंटीन में पहुंचने लगे तो वहां खाना कम पड़ गया ऐसे में खाने के लिए उनके बीच झुमझटकी भी हूई है । शनिवार की सुबह भी सभी गेट पर कर्मचारियों एवं मजदूरों का प्रवेश पूरी तरह रोक दिया गया। प्रबंधन ने प्लांट में काम चलाने के लिए अंदर मौजूद कर्मचारियों और ठेका मजदूरों को ही आंदोलन खत्म होने तक ओटी में काम करने को कहा है। प्लांट के अंदर अब कर्मचारियों एवं मजदूरों के खाने-पीने की व्यवस्था तो कर ली गई है परंतु स्थानीय लोगों की मांग को 24 घंटे से चल रहे आंदोलन होने के बावजूद अब तक बालको प्रबंधन द्वारा पूरा नहीं किया गया है द्य अब देखना होगा की क्या परसाभाठा विकास समिति अपनी इस जबरदस्त आंदोलन को अंजाम तक पहुंचा पाती है ? बालको प्रबंधन क्या उनकी मांगों को पूरा करेगी ?

# हाथियों के कारण नेशनल हाइवे में लगा रहा जाम, झुंड से बिछड़े हाथी ने मचाया उत्पात



- संवाददाता -
कोरबा,06 मई 2023 (घटती-घटना)।

हाथियों ने एक बार फिर सडक् जाम कर दिया। हाथियों को कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाइवे पर देखा गया। इससे सडक् के दोनों तरफ लगा रहा जाम । केंदई रेंज के परला गांव के समीप हाथियों की मौजूदगी से लोग सहमे रहे। सूचना पर वन विभाग मौके पर पहुंचा। इलाके में 30 से अधिक हाथियों का दल विचरण कर रहा है। कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में हाथियो के उत्पात से ग्रामीण भयभीत हैं। गांव के नजदीक जंगल में मौजूद हाथी कभी भी बस्ती में पहुंच जा रहे है। जो ग्रामीणो के मकान को ध्वस्त करने के साथ ही वहां रखे अनाज को चट कर जा रहे हैं। ग्रामीण हाथियों के डर से रतजगा करने को मजबूर हैं। कापा नवापारा में भी कुछ इसी तरह की स्थिति से लोग पूरी रात सहमे रहे। बीती रात कटघोरा वन मंडल के कापानवापारा क्षेत्र में झुंड से बिछड़े हाथी ने उत्पात मचाते हुए एक महिला के घर को तोड़ दिया। आधी रात को अचानक पहुंचे दंतैल ने जमकर उत्पात मचाया। दंतैल के बस्ती में घुसने और उत्पात मचाए जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे। उत्पाती दंतैल को मशाल व टार्च के सहारे अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल की ओर रुख किया तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी काफी दिनों से विचरण कर रहे हैं। यह हाथी शांत थे लेकिन पिछले चार दिनों से उनका उत्पात बढ़ गया है। हाथियों ने क्षेत्र में 08 से अधिक घरों को ढहाकर ग्रामीणों को बेघर कर दिया है। उत्पात से क्षेत्रवासी सहमें हुए हैं और रतजगा करने को हैं मजबूर । इधर कोरबा वन मंडल के बालको व पसरखेत रेंज की सीमा पर 18 हाथी लगातार दूसरे दिन जमे रहे। उत्पात की संभावना को देखते हुए दोनों ही रेंज के अधिकारी व कर्मचारी हाथियों की लगातार निगरानी रख रहे है।

# अल्टीमेट टेबल टेनिस की आगामी लीग की तैयारियां हुई शुरू

**टीमों ने चुने अपने लिए कोच**

**मुंबई,06 मई 2023।** अल्टीमेट टेबल टेनिस ने मुंबई में कोच ड्राफ्ट का आयोजन किया जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीमों ने 13 से 30 जुलाई तक होने वाली लीग के आगामी संस्करण के लिए अपने-अपने कोच चुने। यूटेटे सीजन 4 कोच ड्राफ्ट में यूटेटे के को-प्रमोटर नीरज बजाज और वीटा दानी ने टीम मालिकों के साथ हिस्सा लिया।

टीम मालिकों ने पूल में उपलब्ध टैलेंट में से एक भारतीय और एक विदेशी कोच का काम्बीनेशन चुनकर सीजन के लिए अपना पहला रणनीतिक कदम उठाया। ड्राफ्ट की शुरुआत प्रत्येक टीम के चयन के क्रम या क्रम को निर्धारित करने के साथ हुई। इसमें प्रत्येक टीम ने राउंड-1 के लिए एक पाउच से क्रमांकित गेंद (1-6) उठाया। राउंड-2 के लिए ऑर्डर उलट दिया गया।

लीग की सबसे नई टीम-बेंगलुरू स्मैशर्स ने राउंड-1 में पहला सेलेक्शन करते हुए सचिन शेट्टी तो भारतीय कोच के रूप में चुना और फिर दूसरे राउंड में स्लोवेनिया की वेस्ना ओजस्टरसेक को अपने विदेशी कोच के रूप में टीम में शामिल किया।

बेंगलुरु स्मैशर्स के मालिक पुनीत बालन ने कहा, मुझे लगता है कि वेस्ना और सचिन दिल्ली के लिए क काम्बीनेशन, जिसने 2019 में दूसरा स्थान हासिल किया था। हमारे दिमाग में वह बात थी। हमारी टीम ने होमवर्क किया था और ये हमारी पहली पसंद थे। लीग का हिस्सा बनना हमेशा अच्छा होता है, खासकर गैर-क्रिकेटिंग लीग का। हम यूटेटे का हिस्सा बनकर खुश हैं।

कोच चुनने के लिए दूसरी बारी-दबंग दिल्ली टीटीसी की थी। इस टीम ने पहले अनुभवी ए. मुरलीधर राव को भारतीय कोच के रूप में चुना और फिर दूसरे दौर में सर्बिया के चार बार के ओलंपियन स्लोबोडन ग्रुजिक को अपने विदेशी कोच के रूप में चुना। दबंग दिल्ली टीटीसी की मालिक राधा कपूर खन्ना ने महसूस किया कि यह प्रक्रिया बहुत दिलचस्प थी और उनकी टीम अपनी पसंद के साथ काम करना चाह रही थी। राधा कपूर ने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय और भारतीय कोचों को लेकर कुछ समीकरणों को ध्यान में रखकर कोचों के चयन के लिए आए थे। हमारे पास कुछ विकल्प थे। हम उम्मीद कर रहे हैं कि मुरलीधर और स्लोबोदान का काम्बीनेशन हमारी टीम के लिए जीत की भावना लाएगा।




यू मुंबा टीटी ने पुर्तगाल के फ्रांसिस्को सांतोस और अंशुल गर्ग को कोच के रूप में चुना जबकि पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस ने हंगरी के जोल्टन बतोरफी और एन. रविचंद्रन के साथ काम्बीनेशन बनाया।

यू मुंबा टीटी के सीईओ सुहैल चंडोक ने कहा, ÷फ्रांसिस्को और अंशुल हमारे टॉप पिक्स थे। हम पुर्तगाल से फ्रांसिस्को के साथ संपर्क में रहे हैं। वह पहले से ही यू मुंबा टीटी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनकर खुश हैं और वास्तव में वह अंशुल के साथ काम करना चाहते हैं। सर्किट पर एक युवा काम्बीनेशन हासिल करना वास्तव में महत्वपूर्ण था।

पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस के सीईओ कैलाश कांडपाल ने टीम की पसंद पर टिप्पणी करते हुए कहा, ÷हमने जो काम्बीनेशन चुना है, उससे मैं खुश हूं। जोल्टन और रविचंद्रन ने कोलकाता में अपने आखिरी असाइनमेंट में साथ काम किया था। वे एक यूनिट के रूप में काफी अच्छा काम करते हैं। हमारे दिमाग में कुछ और काम्बीनेशन थे, लेकिन ये दोनो हमारी प्राथमिकता थे।

गोवा चैलेंजर्स ने पांच बार की ओलंपियन एलेना तिमिना और भारत के पराग अग्रवाल के काम्बीनेशन को चुना। गोवा चैलेंजर्स के मालिक विवेक भार्गव ने महसूस किया कि कोच ड्राफ्ट में उनके सेलेक्शन के साथ सीजन की शुरुआत उनके लिए अच्छी रही। उन्होंने आगे कहा÷ ÷ड्राफ्ट हमारे लिए अच्छा था। हमें अपने दो शीर्ष कोच मिल गए हैं।÷

डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई लायंस ने ड्राफ्ट को समाप्त करने से पहले भारत के सोमनाथ घोष और जर्मनी के जोर्ग बिट्ज़ज़िियो को अपने साथ। जोर्ग ने 2010 विश्व टीम चैंपियनशिप में जर्मन महिला टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। चेन्नई लायंस के मालिक हरिनी यादव और करिश्मा यादव ने एक संयुक्त बयान में कहा, ÷हम यूटेटे का हिस्सा बनकर खुश हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने का इरादा रखते हैं। सोमनाथ घोष और जॉर्ग बिट्ज़ज़िियो के काम्बीनेशन से हमें ड्राफ्ट में उपलब्ध श्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनने में मदद मिलेगी।

अब जबकि सभी टीमों ने अपने कोचों का चयन कर लिया है, वे अगले महीने की शुरुआत में होने वाले यूटीटी सीजन 4 प्लेयर ड्राफ्ट के लिए अपनी तैयारी शुरू करेंगी। नीरज बजाज और वीटा दानी टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित हो रहे इस फ्रेंचाइजी बेस्ड लीग के प्रोमोटर हैं। लीग का आगामी सीजन पुणे में महालुंगे स्थित बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा।

# आगे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना मेरा लक्ष्य:नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली,06 मई 2023।** भारत के लिए टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड मेडल जीतने के बाद नीरज चोपड़ा ने फिर से खास उपलब्धि अपने नाम की है। इस बार भारत के भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में अपना खिताब हासिल किया है। पहले चरण में जीता हासिल करने के बाद नीरज चोपड़ा ने बयान भी साझा किया है। उन्होंने दोहा डायमंड लीग की शुरुआत ही शानदार की है।

वहीं डायमंड लीग के खिताब को अपने पास ही रखने के उद्देश्य से नीरज चोपड़ा मैदान में उतरे है। पहले चरण में जीत हासिल करने के बाद उन्होंने कहा कि वह सत्र की आगामी प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन को नए मुकाम पर ले जाना चाहेंगे। पिछले साल डायमंड लीग फाइनल की ट्रॉफी हासिल करने वाले चोपड़ा ने सत्र के पहले चरण में कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी में 88.67 मीटर भाला फेंककर पहला स्थान हासिल करके अपने अभियान की बेहतरीन शुरुआत की।

चोपड़ा ने कहा,'' यह जीत आसानी से नहीं मिली लेकिन मैं बहुत खुश हूं। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत है। मैं इस सत्र में फिट रहना चाहूंगा और अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना चाहूंगा। मैं आगामी प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मेरी योजना फिट बने रहने और पहले से बेहतर प्रदर्शन करने की है।'' चोपड़ा का लक्ष्य 90 मीटर की दूरी को पार करना है। विश्व एथलेटिक्स के अनुसार वह अब 27 जून को चेक गणराज्य में ऑस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा पिछले कुछ समय से तुर्किए के अंताल्या में अभ्यास कर रहे थे।



इस भारतीय स्टार ने कहा,'' मुझे उम्मीद है कि आगामी प्रतियोगिताओं में मैं पहले स्थान पर रहकर अपनी निरंतरता बनाए रखूंगा।'' चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में पहले प्रयास में ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह उनका कुल मिलाकर चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ओलंपिक चैंपियन को इस दौरान दर्शकों का अपार समर्थन मिला क्योंकि काफी भारतीय दर्शक वहां पहुंचे थे।

चोपड़ा ने कहा,'' बहुत सारे दर्शक मेरा समर्थन करने के लिए आए थे और वे वास्तव में खुश थे। कई बार यह वास्तव में मुश्किल होता है क्योंकि हमारा देश बहुत बड़ा है और लोगों की आप से काफी उम्मीदें जुड़ी होते हैं। अब मेरे देश के और अधिक एथलीट डायमंड लीग और अन्य प्रतियोगिताओं में मुझसे जुड़ें।'' उन्होंने कहा,'' मैं भाग्यशाली हूं कि लोगों का मुझ पर विश्वास है। मैं वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा हूं। दोहा चरण शानदार रहा जो कि प्रत्येक साल का पहला चरण होता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा को अपने सत्र के शुरू में ही डायमंड लीग का खिताब जीतने के लिए बधाई और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। मोदी ने ट्वीट किया,'' वर्ष की पहली प्रतियोगिता और पहला स्थान। नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में88.67 मीटर भाला फेंककर चमक बिखेरी। उन्हें बधाई। भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं।'' पिछले साल सितंबर में स्विट्जरलैंड में डायमंड लीग फाइनल की ट्रॉफी जीतने वाले 25 वर्षीय ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन करके दोहा डायमंड लीग का खिताब जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की।

### अनुराग ठाकुर ने बताया सच्चा चैंपियन

ओलंपिक के बाद दोहा में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी नीरज चोपड़ा की सराहना की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि नीरज चोपड़ा जीत गए। 88.67 मीटर की तेज थ्रो के साथ वो दोहा डायमंड लीग में अपना वर्चस्व कायम कर गोल्ड मेडल के साथ लौट रहे है। वो एक सच्चे चैंपियन है जिन्होंने दोबारा देश को गौरवान्वित किया है। नीरज को शानदार जीत के लिए बधाई।



## हुसामुद्दीन आज सेविन एडवर्ड से भिड़ेंगे

**शंघाई,06 मई 2023।** एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए यहां आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अंतिम 32 मुकाबले में हुसामुद्दीन ने चीन के ल्यु पिंग को हराया। भारतीय मुक्केबाज ने पहले दौर में ही अपनी मूवमेंट और ताकतवर मुक्कों से दबदबा बनाया और इसे अंत तक कायम रखते हुए 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। हुसामुद्दीन रविवार को प्री क्वार्टर फाइनल में रूस के सेविन एडवर्ड से भिड़ेंगे।एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष को हालांकि दो बार के ओलंपिक चैंपियन क्यूबा के आर्लेन लोपेज के खिलाफ रिव्यु (फैसले की समीक्षा) के बाद 2-5 से हार का सामना करना पड़ा। लोपेज ने पहला दौरा जीता लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने अगला दौर जीत लिया। अंतिम दौर में करीबी मुकाबला देखने को मिला लेकिन क्यूबा के मुक्केबाज ने बाजी मार ली। शुक्रवार को ही नवीन (92 किग्रा) की भिड़ंत कोरिया के जियोंग जेई मिन से होगी। मौजूदा टूर्नामेंट में कई ओलंपिक पदक विजेताओं सहित 107 देशों के 538 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

# एआईएफएफ ने आई-लीग में जुड़ने के लिए नये क्लबों के लिए बोलियां आमंत्रित की

**नई दिल्ली,06 मई 2023।**अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (ए आई एफ एफ) ने 2023-24 सत्र से आई-लीग में शामिल होने के लिये नये क्लबों के लिये बोलियां आमंत्रित की। इस साल की शुरुआत में एआईएफएफ द्वारा जारी विजन (लक्ष्य) 2047 योजना के तहत, विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के इच्छुक क्लबों और/या निवेशकों को अवसर प्रदान करने के लिए महासंघ ने तीन-टियर प्रणाली में आई-लीग टीमों की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई है। नयी दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे, गुरुग्राम, चेन्नई, मुंबई, अहमदाबाद, गुवाहाटी और नोएडा को टीयर एक शहरों की सूची में रखा गया है। यहां से संभावित क्लब आई-लीग में जगह के लिए बोली लगा सकते हैं।




बोली के लिए पहचाने गए टीयर दो टीम की सूची मेंरांची, ईटानगर, जालंधर, लुधियाना, फगवाड़ा, कोयम्बटूर, मंजेरी, तिरुवनंतपुरम, भोपाल और शिलांग जैसे शहर हैं। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा बताया कि निविदा (टेंडर) के अनुसार बोली जीतने वाली फ्रेंचाइजी को 2023 से एक नये फुटबॉल क्लब का स्वामित्व और संचालन करने का अधिकार दिया जाएगा। एआईएफएफ की समिति ने सिफारिश की है कि टियर एक और दो के संभावित क्लबों के लिए बोली मूल्य क्रमशः न्यूनतम पांच करोड़ रुपये और ढाई करोड़ रुपये होना चाहिए, जबकि टियर -तीन बोलीदाताओं के लिए न्यूनतम एक करोड़ रुपये होना चाहिए। समिति ने कहा, टीमों के चयन में अधिक मूल्य की बोली वाली टीमों को चयन में वरीयता दी जाएगी। इन टीमों को आई-लीग में प्रवेश करने के पहले दो सत्रों के लिए कोई सब्सिडी नहीं दी जाएगी।

# गुजरात टाइटंस के गेंदबाज जोश लिटिल ने नेशनल ड्यूटी के लिए आईपीएल छोड़ा

**नई दिल्ली,06 मई 2023।** गुजरात टाइटन्स ने घोषणा की है कि उनके खिलाड़ी जोश लिटिल शनिवार को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स पर नौ विकेट की शानदार जीत के बाद राष्ट्रीय कर्तव्य के लिए रवाना हो गए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज लिटिल के अपने फ्रेंचाइजी के लिए कम से कम तीन आईपीएल मैचों में नहीं खेलने की उम्मीद है क्योंकि उन्हें 9 मई से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में आयरलैंड क्रिकेट टीम के लिए खेलने के लिए चुना गया है।

हालांकि, उनके 14 मई को एकदिवसीय श्रृंखला के पूरा होने के बाद टाइटन्स में फिर से शामिल होने की उम्मीद है। इसके जवाब में, गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने जोश को अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए शुभकामनाएं दीं और बाद में उनका स्वागत करने के लिए तत्पर हैं। वनडे सीरीज. आईपीएल के इस सीजन में अब तक लिटिल ने आठ मैचों में 8.21 की इकॉनमी रेट से छह विकेट लिए हैं। उनके आईपीएल अनुबंध का मूल्य ढ्हक्र 4.4 करोड़ (लगभग क 500,000 लगभग) है, जो आयरलैंड के लिए खेलकर अर्जित की गई राशि की तुलना में एक महत्वपूर्ण राशि है।




÷हम जोश को शुभकामनाएं देते हैं क्योंकि वह एकदिवसीय मैचों में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए वापस आ रहे हैं। गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ÷उन्होंने अपनी पहली टाटा इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया है और एकदिवसीय श्रृंखला समाप्त करने के बाद हम उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।÷ बांग्लादेश श्रृंखला के लिए आयरलैंड की टीम÷ एंडी बालबर्नी (कप्तान), मार्क अडायर, कर्टिस कैम्फर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, स्टीफन डोहेनी, फिओन हैंड, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, एंडी मैकब्राइन, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, क्रेग युवा।

### आयरलैंड बनाम बांग्लादेशः फिक्स्चर

पहला वनडे - 9 मई, 2023
दूसरा वनडे - 12 मई, 2023
तीसरा वनडे - 14 मई, 2023

### तीनों मैच चेम्सफोर्ड में खेले जाने हैं

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोश लिटिल लखनऊ सुपर जाइंट्स, मुंबई इंडियंस और सन राइजर्स हैदराबाद के खिलाफ क्रमश 7 मई, 12 मई और 15 मई को होने वाले मैचों में नहीं खेल पाएंगे। ये गत चैंपियन के लिए महत्वपूर्ण जुड़नार होने जा रहे हैं क्योंकि वे लीग चरण के बैकएंड की ओर होंगे। इनमें से दो गुजरात टाइटंस के घरेलू मैच हैं, जबकि एक मैच मुंबई में होगा। लिटिल इस साल आईपीएल में खेलने वाले आयरलैंड के पहले सक्रिय क्रिकेटर बने। उन्होंने अपने शानदार गेंदबाजी कौशल से सभी को प्रभावित किया है।

# इंग्लैंड की तेज गेंदबाज कैथरीन साइवर-ब्रंट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**ब्रिस्बेन,06 मई 2023।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट की सबसे शानदार गेंदबाजों में से एक कैथरीन साइवर-ब्रंट ने 19 साल के लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। तीन बार विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रही साइवर-ब्रंट ने 2004 में इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था। इस 37 साल की दिग्गज ने अपना आखिरी अंतराष्ट्रीय मैच फरवरी में न्यूलैंड्स में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था।




उन्होंने कुल 267 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है। दायें हाथ की इस गेंदबाज ने पिछले साल जून में 14 मैच खेलने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। टेस्ट में उनके नाम 51 विकेट है। उन्होंने पहले ही क्षेत्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन वह 'द हंड्रेड' में खेलना जारी रखेगी। साइवर-ब्रंट ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, '' मैं अपनी अंतरराष्ट्रीय यात्रा को 19 साल के बाद विराम दे रही हूं। मुझे लगा था कि मैं इस फैसले पर कभी नहीं पहुंचूंगी लेकिन मैंने किया है और यह मेरे जीवन का सबसे कठिन समय है।'' उन्होंने कहा, '' मैं जिन ट्राफियों और खिताबों को हासिल करना चाहती थी, मैंने उन सब को हासिल किया। लेकिन क्रिकेट में मेरी सबसे बड़ी खुशी नैट साइवर (इंग्लैंड टीम की उनकी साथी खिलाड़ी जिससे साइवर-ब्रंट से पिछले साल शादी की थी) हैं।''

अपने शानदार करियर के दौरान, साइवर-ब्रंट ने तीन विश्व कप (दो एकदिवसीय और एक टी20) और चार एशेज श्रृंखला जीतीं। उन्होंने 141 एकदिवसीय मैचों में 170 विकेट और 112 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 114 विकेट लिए। यह दोनों इंग्लैंड के लिए रिकॉर्ड है। उन्होंने इंग्लैंड के लिए कुल 335 विकेट लिए।




# भाग्यश्री की बेटी अवंतिका करने जा रहीं बॉलीवुड डेब्यू

1989 में आई फिल्म मैंने प्यार किया से फिल्मी दुनिया में कदम रखने वालीं दिग्गज अभिनेत्री भाग्यश्री आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अब भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी भी बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। अविनाश दास द्वारा निर्देशित अवंतिका की पहली फिल्म का नाम यू शेप की गली है और फिल्म की शूटिंग लखनऊ में शुरू हो गई है। यू शेप की गली एक रोमांटिक संगीतमय फिल्म बताई जा रही है, जो सोशल ड्रामा पर आधारित होगी।

यू शेप की गली में अवंतिका के अलावा विवान शाह और जावेद जाफरी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अवंतिका के किरदार का नाम फिल्म में शबनम है। अवंतिका ने पिछले साल जी5 की मिथ्या के साथ अपना डिजिटल डेब्यू किया था, जिसमें हुमा कुरैशी और परमब्रता चटर्जी ने भी अभिनय किया था। गौरतलब है कि भाग्यश्री हाल ही में अपने बेटे अभिमन्यु और पति हिमालय के साथ फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आई थीं।



# ऋतिक रोशन की कृष 4 का निर्देशन करेंगे करण मल्होत्रा,सिद्धार्थ आनंद बने सह-निर्माता

ऋतिक रोशन की सुपरहीरो फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त कृष 4 काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई। फिल्म अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन इसकी कहानी और संभावित निर्देशक के बारे में खबरें आए दिन सामने आती रहती हैं। पहले जहां सिद्धार्थ आनंद के फिल्म का निर्देशन करने की बात सामने आई थी तो अब करण मल्होत्रा को इसकी कमान सौंप दी गई है, वहीं आनंद इसके सह-निर्माता होंगे। हालांकि, अभी तक इस बारे में आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। सूत्र के अनुसार, शमशेरा और अग्निपथ जैसी फिल्म का निर्देशन करने वाले मल्होत्रा सुपरहीरो फ्रेंचाइजी में कृष 4 के निर्देशक के तौर पर शामिल होंगे। सूत्र के मुताबिक, राकेश रोशन और ऋतिक का मानना है कि मल्होत्रा फ्रेंचाइजी में एक नई जान फूंकेंगे और इसे बेहतरीन ढंग से बनाएंगे। राकेश ने फिल्म की मूल कहानी पर काम कर लिया है और वह अब पटकथा पर काम कर रहे हैं। मल्होत्रा जल्द ही फिल्म की टीम में शामिल होंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, आनंद ऋतिक के बैनर फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस के साथ मिलकर फिल्म का सह-निर्माण करेंगे। इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि आनंद को कृष 4 निर्देशित करने के लिए चुना गया है, लेकिन जल्द ही राकेश ने इन अटकलों पर विराम लगाते हुए इन्हें गलत बताया था। आनंद इससे पहले ऋतिक के साथ बैंग बैंग और वॉर में काम कर चुके हैं।

# वरुण धवन के साथ मानाडु के रीमेक से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे रवि तेजा?



बॉलीवुड में इन दिनों साउथ की फिल्मों के रीमेक का दौर चल रहा है। भोला, गुमराह, विक्रम वेधा, सेल्फी, शहजादा और दृश्यम 2 जैसी फिल्मों के बाद अब एक और रीमेक बनने वाली है। खबरों के मुताबिक, 2021 में आई तमिल फिल्म मानाडु के हिंदी रीमेक से रवि तेजा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म को हिंदी और तेलुगू में रीमेक किया जा रहा है, जिसमें रवि के साथ वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। बॉलीवुड में पिछले कुछ समय से बॉक्स ऑफिस पर रीमेक फिल्मों का हाल बेहाल नजर आ रहा है। अजय देवगन की दृश्यम 2 को छोड़ दिया जाए तो ज्यादातर फिल्में असफल ही साबित हुई हैं। 7 अप्रैल को रिलीज हुई आदित्य रॉय कपूर की गुमराह पहले ही दिन ढेर हो गई और भोला का प्रदर्शन ठीक-ठाक चल रहा है। अब मानाडु के रीमेक का प्रदर्शन इस बात पर निर्भर करेगा कि फिल्म अपनी मूल फिल्म से कितनी अलग होगी। रवि और वरुण की इस फिल्म के बारे में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। साथ ही निर्देशक, प्रोडक्शन कंपनियों और बाकी कलाकारों के बारे में भी कोई अपडेट नहीं मिला है। कहा जा रहा है कि फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना है और जल्द निर्माता इसकी घोषणा करेंगे। बता दें कि यह वरुण की तीसरी रीमेक फिल्म होगी। इससे पहले वह कुली नंबर 1 और जुड़वा 2 के रीमेक में नजर आ चुके हैं। मानाडु एक तमिल साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन वेंकट प्रभु ने किया है। इसकी कहानी मुख्यमंत्री की जनसभा के दिन एक आदमी और एक पुलिस अधिकारी के टाइम लूप में फंस जाने पर आधारित है, जो कोशिश करने के बाद भी इससे बाहर नहीं निकल पाते और उन्हें बार-बार एक ही दिन को जीना पड़ता है। फिल्म में सिलम्बरासन, एसजे सूर्या और कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। यह फिल्म सोनी लिव पर उपलब्ध है।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)